


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 127, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 22 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


दिल्ली प्रदूषण : सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब से कहा, हरियाणा से ले सबक

.... पेज 03

लखनऊ में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 4 लेन सड़क का होगा निर्माण

.... पेज 05

साढ़े 12 लाख से अधिक दर्शकों ने स्टेडियम जाकर देखे विश्वकप के मुकाबले

.... पेज 07


विधानसभा चुनाव



राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले बारां जिले के अंता में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## कांग्रेस भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद जैसी तीन बुराइयों का प्रतीक : मोदी

कोटा। (पी एम ए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बारां के अंता और कोटा के दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी को 75 वर्ष पूरे हो गए। अब हमारे सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। राजस्थान को विकसित बनाए बिना भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य अधूरा है। जब तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण नामक देश के तीन दुश्मन हमारे बीच हैं, तब तक इस संकल्प का पूरा होना मुश्किल है। कांग्रेस इन तीन बुराइयों की सबसे बड़ी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आजकल राजस्थान की लाल डायरी की सबसे अधिक चर्चा है। इस साल लाल डायरी के पन्ने जैसे-जैसे खुल रहे हैं, वैसे-वैसे जादूगर के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। लाल डायरी में साफ-साफ लिखा है कि कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में आपके जल, जंगल और जमीन को कैसे बेचा है। सूरसेन गोडावण अभयारण्य में क्या हुआ, ये आप मुझसे ज्यादा जानते हैं। अवैध खनन के तार किससे जुड़े हैं, ये किसी से छिपा नहीं है। मैंने कहीं पढ़ा कि कांग्रेस के विधायक ने यहां के मंत्री के लिए कहा है- 'भाया रे भाया खूब खाया। एक गांव तो पूरा ही खाया।' कांग्रेस में मंत्री हो, विधायक हो, सब बेलगाम हैं और जनता त्रस्त है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने चंबल रिवर फ्रंट में कैसे-कैसे घोटाले किए हैं, वो भी आपसे छिपा नहीं है।

# यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति अटैच

### नेशनल हेराल्ड केस में ईडी का एक्शन; सोनिया-राहुल की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी से जुड़ी कंपनी की 752 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्ति में दिल्ली और मुंबई में नेशनल हेराल्ड हाउस और लखनऊ में नेहरू भवन शामिल हैं। ईडी नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। एसोसिएटेड जर्नल्स से संबंधित जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 752 करोड़ है।

इस मामले में यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समाचार पत्र चलाने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के अधिग्रहण में धोखाधड़ी, साजिश और आपराधिक विश्वासघात के आरोप शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी के बयान के अनुसार, समाचार पत्र के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) और इसकी होल्डिंग कंपनी यंग इंडियन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आदेश जारी किया गया था। बयान में कहा गया है, ''जांच में खुलासा हुआ है कि एजेएल के पास अपराध से हुई आय



अचल संपत्तियों के रूप में है, जो देश में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे कई शहरों में है। इनका मूल्य 661.69 करोड़ रुपये है। वहीं, यंग इंडियन के पास अपराध से प्राप्त आय 90.21 करोड़ रुपये एजेएल के 'इक्विटी शेयर' के रूप में है।''

ईडी ने इस मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछताछ की थी और उनके बयान दर्ज किए थे।

#### भाजपा की चाल है : कांग्रेस

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा एजेएल और यंग इंडियन की संपत्तियों को जब्त करने पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ईडी द्वारा एजेएल संपत्तियों की कुर्की की खबरें प्रत्येक राज्य में चल रहे चुनावों में निश्चित हार से ध्यान हटाने की उनकी हताशा को दर्शाती हैं। पीएमएलए कार्रवाई केवल किसी विधेय या मुख्य अपराध के परिणामस्वरूप हो सकती है। किसी भी अचल संपत्ति का कोई हस्तांतरण नहीं हुआ है। पैसों की कोई आवाजाही नहीं हुई है। अपराध की कोई आय नहीं है। असल में, ऐसा कोई शिकायतकर्ता नहीं है जो यह दावा करता हो कि उसे धोखा दिया गया है-एक भी नहीं!! यह चुनाव के बीच में ध्यान भटकाने के लिए भाजपा की चाल है।

# बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 प्रतिशत हुआ

### नौकरी और शिक्षण संस्थानों में हुआ लागू; एससी-एसटी, ईबीसी-ओबीसी के आरक्षण में 15 फीसदी का इजाफा

पटना। बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 फीसदी पहुंच गया है। बिहार में 15 फीसदी आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया है। नौकरी और शिक्षण संस्थानों में एससी एसटी, ईबीसी,ओबीसी को अब 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। मंगलवार से यह लागू हो गया। बिहार सरकार ने गजट प्रकाशित कर दिया है।

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन पिछले गुरुवार (9 नवंबर) को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश हुआ था, जिसे दोनों सदन सर्व सम्मति से पास किया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रावधान है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। दिल्ली से आते ही राज्यपाल आर्लेकर ने रिजर्वेशन बिल-2023 पर मुहर लगा दी थी।

#### विधानमंडल से 9 नवंबर को पास कराया गया

सीएम नीतीश कुमार ने 7 नवंबर को विधानसभा में इसकी घोषणा की थी कि सरकार बिहार में आरक्षण के दायरे



को बढ़ाएगी। 50 फीसदी से इसे 65 या उससे ऊपर ले जाएंगे। कुल आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करेगी। मुख्यमंत्री के ऐलान के तुरंत बाद कैबिनेट की मीटिंग बुलाई गई। ढाई घंटे के भीतर कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। इसके बाद इसे शीतकालीन सत्र के चौथे दिन 9 नवंबर को विधानमंडल के दोनों सदनों से पारित कर दिया गया।

#### नौकरी और शिक्षण संस्थानों में बदला आरक्षण

नए प्रावधान के बाद अनुसूचित जाति को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत, अति पिछड़ा जाति को 25 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिल सकेगा। वहीं, केंद्र की सामान्य वर्ग वाले लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पहले की तरह 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा।

सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में पिछड़े और दलित और महादलित लोगों को इसका लाभ मिलेगा। एससी, एसटी, ओबीसी कैटेगरी के छात्रों को सरकारी कॉलेज विश्वविद्यालय में नए सिरे से आरक्षण का लाभ ले पाएंगे। हर कॉलेज और यूनिवर्सिटी के कुल सीट का 75 प्रतिशत आरक्षण आर्थिक रूप से पिछड़े समान वर्ग के अभ्यर्थियों के अलावा ओबीसी, एससी-एसटी के विद्यार्थी ले सकेंगे।

# यूपी एटीएस ने लखनऊ से आईएसआई के एजेंट को दबोचा

### पाकिस्तान भेज रहा था सेना की खुफिया जानकारी

यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने वाले वसीउल्लाह को मंगलवार को लखनऊ में गिरफ्तार किया है। राजाजीपुरम स्थित मीना बेकरी के पास रहने वाले वसीउल्लाह को कोर्ट में पेश कर उसे रिमांड पर देने की मांग की है।

स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के मुताबिक आईएसआई से जुड़े होने और गुप्त सूचनाएं भेजने की पुष्ट जानकारी के बाद वसीउल्लाह को एटीएस मुख्यालय बुलाया गया था, जहां उससे गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि पैसों की लालच में वह एक आईएसआई एजेंट की साजिश में शामिल हो गया था। उसके कहने पर उससे जानकारी साझा की। एटीएस ने गुप्त सूचना के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिये आईएसआई को सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करने के आरोपी शैलेश कुमार उर्फ शैलेन्द्र सिंह चौहान को 25 सितंबर को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में जानकारी मिली कि वसीउल्लाह पुत्र रहमत उल्लाह खान है, लखनऊ के सी-2533, मीना बेकरी राजाजीपुरम के पास रहता है और वह साइबर अपराध के एक ऑनलाइन ग्रुप का सदस्य भी है। उसने यह भी बताया कि वसीउल्लाह आईएसआई एजेंट व साइबर हैकर्स के संपर्क में है। इस अवैध धंधे में गोपनीयता को बनाए रखने के लिए वसीउल्लाह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से भी डीलिंग करता था।

## भारत आज वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन करेगा आयोजित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को भारत की मेजबानी में होने वाले वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन में सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के मुख्य कार्य बिंदुओं को आगे बढ़ाया जाएगा। शिखर सम्मेलन के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए, जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा, आज शाम 5:30 बजे आयोजित होने वाला जी20 का आभासी शिखर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के समापन के बाद से विश्व नेताओं की एक प्रमुख सभा होगी। कांत ने कहा कि यह दूसरी बार होगा जब प्रधानमंत्री ढाई महीने की अवधि में जी20 के नेताओं की मेजबानी करेंगे।

# यूपी : सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत

चित्रकूट। चित्रकूट में मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे बड़ा हादसा हो गया है। यहां बोलेरो और जनरथ बस की आपस में टक्कर हो गई है। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में यूपी के बांदा में रहने वाले एक युवक की भी मौत हो गई है। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक ही परिवार के मरने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। ये सभी मध्य प्रदेश के पन्ना से प्रयागराज अस्थि विसर्जन करने आए थे। अस्थि विसर्जन करके मध्य प्रदेश वापस लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि 2 की मौके पर, जबकि 2 की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं 1 ने



रामनगर अस्पताल में दम तोड़ा। घटना नेशनल हाईवे पर बागरेही गांव के पास हुई है।

हादसे में मरने वालों के नाम प्रताप पटेल पुत्र आनंदी पटेल, आनंदी पटेल पुत्र बिरजू पटेल, अशोक पत्नी राम प्रताप पटेल, सनद पटेल पुत्र राम प्रताप पटेल, आकांक्षा पटेल पुत्री प्रताप पटेल और रामबई पत्नी देशराज शामिल हैं। ये

### चित्रकूट में बस और बोलेरो की टक्कर

सभी लोग लइचा,अजयगढ़, जिला पन्ना, मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं।

#### मरने वालों में 2 बच्चे शामिल

चित्रकूट एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि बोलेरो में दो परिवार के लोग बैठे थे। इनके परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दे दी गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बस और कार को कब्जे में ले लिया गया है।

वहीं गंभीर रूप से घायल अरविंद कुमार, सुनैना देवी और दीपक को प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायलों में एक 10 साल का बच्चा भी शामिल है।

#### बोलेरो का अगला हिस्सा बस में घुसा

घटना के बाद मौके पर पहुंचे एक युवक ने बताया, बोलेरो कार जनरथ बस में सामने से जा घुसी। बोलेरो की स्पीड इतनी तेज थी कि अगला हिस्सा पूरी तरह से बस में घुस गया। बोलेरो में बीच वाली सीट पर बैठे लोग, उछल कर आगे वाली सीट पर गिरे और आगे इंजन और शीशे में फंस गए।

# राहुल गांधी ने कहा- पीएम मतलब पनौती मोदी

### अच्छा खासा लड़के वर्ल्ड कप जीत रहे थे, ये अलग बात है हरवा दिया

उदयपुर। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौती कहा है। उन्होंने कहा- पीएम मतलब-पनौती मोदी। अच्छा खासा लड़के वर्ल्ड कप जीत रहे थे, यह अलग बात है हरवा दिया। राहुल ने मंगलवार 21 नवंबर को बाड़मेर के बायतु और उदयपुर के वल्लभनगर में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। अडाणी का काम आपकी जेब काटना है। दोनों आते हैं, एक टीवी पर आता हैं। आपसे कहेगा हिंदू-मुस्लिम, कभी क्रिकेट मैच में चला जाएगा।

राहुल ने कहा- एक साल पहले कन्याकुमारी से कश्मीर तक हमने यात्रा की। 4500 किलोमीटर लाखों लोगों



के साथ कश्मीर तक चले। बारिश, तूफान, बर्फ में पैदल चले। इसका मकसद था, भारत को जोड़ना। हमें लगा भाजपा देश में नफरत फैला रही है। हिंसा फैला रही है। एक जाति को दूसरी से और एक धर्म के लोगों को दूसरे धर्म के लोगों से लड़ा रही है। इसलिए हमने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की। ये नफरत और हिंसा क्यों फैलाते हैं और इनको क्या फायदा होता है। मैं आज ये समझाने आया हूं। जब दो जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो क्या करते हैं? ध्यान हटाने का काम करते हैं। एक आता है आपसे बात करता है और पीछे से दूसरा आता है, आपकी जेब काटकर ले जाता है। हिंदुस्तान में सबसे बड़ा मुद्दा कौनसा है। बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई। कभी टीवी पर आपने बेरोजगार युवा को देखा है, नहीं देखा होगा।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लापरवाही पर 17 वरिष्ठ आईएएस से जवाब तलब

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्टूबर माह में राजस्व वादों के खराब निस्तारण पर प्रदेश के दस मंडलायुक्त और सात जिलाधिकारियों से जवाब तलब किया है।

माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक जवाब न मिलने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जा सकता है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजस्व वादों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये थे।

साथ ही विशेष अभियान की हर मंगलवार को शासन स्तर पर समीक्षा करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक में पाया गया कि वाराणसी, सहारनपुर, आजमगढ़, अलीगढ़, बस्ती, चित्रकूट धाम, आजमगढ़, अयोध्या, सहारनपुर, अलीगढ़ के मंडलायुक्त और बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, चित्रकूट, ललितपुर, अमरोहा के जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के लंबित और नये वादों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है।

# अमृतसर में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन

### हेरोइन ड्रॉप कर लौटा; 3.5 करोड़ की खेप जब्त, बॉर्डर इलाके में सर्च जारी

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने भारतीय सीमा में घुसे पाकिस्तानी ड्रोन से फेंकी खेप को जब्त किया है। हालांकि ड्रोन बीएसएफ के हाथों से निकलने में सफल रहा। खेप की इंटरनेशनल वैल्यू तकरीबन 3.5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं, इलाके में सर्च अभियान भी शुरू कर दिया गया है। बीएसएफ के अनुसार ये मामला अमृतसर के सरहदी गांव मोड में सामने आया है। बीएसएफ को इलाके में ड्रोन के आने का आभास हुआ था। जिसके बाद उसे गिराने का भी प्रयास किया गया। इसके बाद जवानों ने ड्रोन का पीछा कर उसके द्वारा फेंकी गई खेप को जब्त कर लिया। जिसके बाद ड्रोन



वापस पाकिस्तान सीमा में लौट गया।

#### पीले रंग का फेंका था पैकेट

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन ने पीले रंग का पैकेट फेंका था। जिसे जब्त कर लिया। जांच के बाद उसे खोला गया और उसकी जांच की गई। पैकेट में 565 ग्राम हेरोइन थी। जिसे जांच के लिए भेज दिया गया है। वहीं आसपास के इलाके में सर्च भी की जा रही है।

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के सरहदी इलाकों में जवानों ने 8 दिनों में 9 ड्रोन जब्त करने में सफलता हासिल की है। इनमें अधिकतर ड्रोन अमृतसर बॉर्डर से जब्त किए गए। वहीं, बीते दिनों भी एक ड्रोन तरनतारन से रिकवर किया गया। ये सभी ड्रोन जांच के लिए फोरेंसिक लैब में भेजे जा रहे हैं। ताकि, इन ड्रोन्स की मूवमेंट और पिछली कार्रवाइयों की डिटेल्स निकाली जा सकें।

नोटिस

### विदेशी फंडिंग की शर्तों के उल्लंघन का आरोप, कंपनी ने कहा- कोई नोटिस नहीं मिला

# विदेशी फंडिंग : बायजूस को ईडी से 9,000 करोड़ का नोटिस

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कंफर्म किया कि उसने बायजू रवीन्द्रन और थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को 9,000 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। ये नोटिस विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) उल्लंघन के मामले में जारी किया है।

इससे पहले दिन में कंपनी ने नोटिस से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों को खारिज किया था। कंपनी ने कहा था कि उसे ईडी से कोई फेमा उल्लंघन के मामले में कोई नोटिस नहीं मिला है। फॉरेन करेंसी के फ्लो को नियंत्रित करने के लिए 1999 में फेमा बनाया गया था।

इसी साल अप्रैल में ईडी ने बायजूस के बेंगलुरु स्थित तीन ऑफिस में छापे मारे थे। तलाशी के दौरान दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया गया।

जांच एजेंसी के अनुसार, कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला है। इसके अलावा कंपनी ने भी एफडीआई के नाम पर पैसा अलग-अलग देशों में भेजा।

#### बायजूस की अकाउंट बुक्स की जांच के आदेश

हाल ही में केंद्र सरकार ने बायजूस




की अकाउंट बुक्स की जांच के आदेश दिए थे। इसमें जो सामने आएगा, उसके आधार पर सरकार फैसला लेगी कि क्या मामले को सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस के पास ले जाने की जरूरत है या नहीं।

रेगुलेटरी जांच के घेरे में आने के बाद दुनिया की बड़ी ऑडिट कंपनियों में शुमार डेलॉइट ने बायजूस के लीगल ऑडिटर के तौर पर इस्तीफा दे दिया था। डेलॉइट ने कहा था कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के फाइनेंशियल स्टेटमेंट लंबे समय से पेंडिंग हैं।

इसके अलावा वित्त वर्ष 2020-21 के बारे में भी कोई कम्युनिकेशन नहीं होने की वजह से अब तक ऑडिट शुरू नहीं हो पाया है। बायजूस ने डेलॉय की जगह बीडीओ (एमएसकेए एंड एसोसिएट्स) को कंपनी का लीगल ऑडिटर नियुक्त किया था।

#### वित्त वर्ष 2022 में बायजूस को 2,250 करोड़ का घाटा

बायजूस को 31 मार्च 2022 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 2,250 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। जबकि एक साल पहले (वित्त वर्ष 2021) कंपनी को 2406 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। हालांकि, कंपनी की इनकम 1,552 करोड़ से बढ़कर रु 3,569 करोड़ रही।

बायजूस ने शनिवार 4 नवंबर को इसके बारे में जानकारी दी थी। फाइनेंशियल रिजल्ट जारी करने में देरी सहित कई अन्य कारणों से कंपनी रेगुलेटरी जांच के घेरे में है।

## शार्ट न्यूज

### किशनगढ बास में परिसीमन के बाद कांग्रेस को खाता खुलने का इंतजार

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले की किशनगढ़ बास विधानसभा सीट पर परिसीमन के बाद जहां कांग्रेस पार्टी को अपना खाता खुलने का इंतजार है वहीं पार्टी के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय पूर्व गृहमंत्री संपत राम की पुत्रवधू सिमरत संधू इसके लिए अवरोधक बनी हुई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा खैरथल .तिजारा को जिला बनाने के बाद कांग्रेस को यहां लाभ मिलने की पूरी संभावना हो सकती है ,क्योंकि जिले का नाम खैरथल और तिजारा रखा गया है और दोनों ही नाम की अलग-अलग विधानसभा हैं। लेकिन सभी मुख्यालय खैरथल में ही खोले गए हैं इसलिए इसका सीधा फायदा कांग्रेस को मिलने की पूरी संभावना है। तिजारा के बहुजन समाजवादी पार्टी बसपा से जीते विधायक संदीप यादव ने भी तिजारा के भिवाड़ी को जिला बनाने की मांग की थी, सरकार ने बीच का रास्ता निकालकर दोनों विधानसभा के नाम का एक जिला बना दिया। कांग्रेस ने बसपा विधायक दीप चंद खेरिया को तो कांग्रेस का टिकट इसलिए दिया क्योंकि वह कांग्रेस के ही नेता थे। लेकिन तिजारा के विधायक संदीप यादव को इसलिए टिकिट नहीं दिया क्योंकि वह भारतीय जनता पार्टी के नेता थे और भाजपा ने टिकिट नहीं दिया तो वो बागी होकर बसपा का टिकिट ले आए। पहले यह विधानसभा क्षेत्र खैरथल के नाम से जाना जाता था।

### छठ के बाद बिहार से वापस लौटनेवाले यात्रियों को महावीर मन्दिर देगा नि :शुल्क अल्पाहार

पटना। छठ पूजा के बाद बिहार से दूसरे राज्यों में वापस अपने कार्यस्थल लौटनेवाले यात्रियों को महावीर मन्दिर की ओर से नि:शुल्क स्वादिष्ट अल्पाहार दिया जाएगा। महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने सोमवार को यहां बताया कि 21 से 24 नवंबर तक पटना जंक्शन के होल्डिंग एरिया में महावीर मन्दिर की ओर से प्रतिदिन 10-10 हजार अल्पाहार पैकेट बांटे जाएंगे। वितरण की सुविधा के लिए रेलवे खान पान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के माध्यम से यात्रियों को महावीर मन्दिर की ओर से जलपान के पैकेट मिलेंगे। कुणाल ने बताया कि रेल प्रशासन के अनुरोध पर महावीर मन्दिर ने यह व्यवस्था की है। दीपावली और छठ महापर्व के बाद 21 से 24 नवंबर तक बिहार के विभिन्न जिलों से पटना जंक्शन से भारी संख्या में रेल यात्रियों के लौटने का अनुमान रेल प्रशासन ने लगाया है। दानापुर रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सरस्वती चंद्र ने अपने पत्र में लिखा है कि महावीर मन्दिर हनुमानजी को समर्पित भारत के सबसे पवित्र हिन्दू मन्दिरों में है। आस्था का यह केन्द्र वर्षों से सनातन परंपराओं के संवर्धन एवं जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलों के उपायुक्तों के साथ की वर्चुअल बैठक

रांची। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज जिलों के उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बचे हुए कार्यों को ससमय निष्पादित करने के लिए जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थाई रूप से शिफ्ट हो चुके मतदाताओं, मृत मतदाताओं, डुप्लीकेट एंट्री वाले मतदाताओं आदि का नाम विहित प्रक्रिया अपनाकर हटाने का शेष काम जल्द ही कर लें, साथ ही इस कार्य में पूरी सावधानी और जिम्मेदारी भी बरतें। दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने, स्थानीय स्तर पर कैंप लगाने, समुचित प्रचार प्रसार करने जैसे विषयों से संबंधित भी उन्होंने कई निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को भी निर्वाचन साक्षरता क्लब के तहत निर्धारित प्रोजेक्ट वर्क करवाये जाएं। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसलिए सीईओ ने सभी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए जाते हैं वहां महिला व पुरुष शौचालय, रैम्प, प्रकाश, पंखा, मोबाइल चार्जिंग आदि की व्यवस्था अनिवार्य तौर से समय रहते कर ली जाए।

### कांग्रेस को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद झीरम के षड्यंत्र के खुलासे की उम्मीद

रायपुर। कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय की अपील को खारिज किए जाने के बाद विश्वास जताया है कि अब 2013 के झीरम के नक्सल हमले के षड्यंत्र का खुलासा होगा और शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने का रास्ता खुलेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने आज यहां राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद छत्तीसगढ़ की पुलिस ने आपराधिक षडयंत्र की जांच शुरु की तो एनआईए ने अदालती अडंगा अटका दिया। पहले वे ट्रायल कोर्ट में गए, वहां उनकी याचिका खारिज हुई फिर उच्च न्यायालय में खारिज हुई।इसके बाद एनआईए उच्चतम न्यायालय गई जहां आज उनकी याचिका खारिज हो गई। उन्होने कहा कि इस फ़ैसले के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस 26 मई 20 को दर्ज दूसरे एफ़आईआर के आधार पर यह जांच कर पाएगी कि किसके कहने पर, किसे बचाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी एनआईए जांच का रास्ता रोक रही थी उन्होने सवाल किया कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने आपराधिक षड्यंत्र की जांच क्यों नहीं करवाई आयोग बनाया तो उसके दायरे में षड्यंत्र क्यों नहीं रखा श्री वर्मा ने कहा कि 2014 में एनआईए ने पहला चालान प्रस्तुत किया।

### भिण्ड जिले के अटेर में पुनर्मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

भिण्ड। मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 71 माध्यमिक शासकीय भवन किशूपुरा में पुनर्मतदान आज शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से शुरू वोटिंग शाम 6 बजे तक चली। इस बूथ पर 1223 वोटर हैं। इसमें से 577 मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया है। शाम 6 बजे तक 47. 1 प्रतिशत वोटिंग हुई। 17 नवंबर को यहां 89 ? प्रतिशत मतदान हुआ था। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि अटेर के किशूपुरा मतदान केन्द्र पर डेढ़ घंटे पहले 5.30 बजे से मॉकपोल की प्रोसेस हुई। अटेर में भाजपा ने मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से हेमंत कटारे चुनाव लड़ रहे हैं। कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 30 निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। गौरतलब है कि 17 नवंबर को वोटिंग के दौरान पोलिंग बूथ में कुछ लोग घुस आए थे। उन्होंने मतदाताओं को धमका कर मत पर्चियां एकत्रित कर मतदान प्रभावित किया था। इसकी शिकायत पीठासीन अधिकारी द्वारा की गई थी। मामले में चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। वहीं पीठासीन अधिकारी सतीश कुमार की शिकायत पर सतेंद्र भदौरिया और संतोष भदौरिया के अलावा अन्य अज्ञात दो पर सुरपुरा थाने में मामला दर्ज कराया गया था।

### गुजरात में 22,000 विद्यार्थियों ने उठाया समरस छात्रावास का लाभ

गांधीनगर। गुजरात में दो वर्षों में 22,000 से अधिक विद्यार्थियों ने समरस छात्रावास का लाभ उठाया है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गत दो वर्षों में राज्य सरकार द्वारा समरस योजना के लिए 68 करोड़ रुपए से अधिक का कुल बजट आवंटित किया गया है। इन छात्रावासों का 22,000 से अधिक विद्यार्थियों ने लाभ लिया है। आज की स्थिति में 13,000 विद्यार्थियों की कुल क्षमता के साथ 10 जिलों में 20 समरस छात्रावास कार्यरत हैं। अहमदाबाद, भावनगर, राजकोट, सूरत और वडोदरा के छात्रावास में 1000 विद्यार्थियों की क्षमता है। वहीं, जामनगर के छात्रावास में 500 विद्यार्थियों की क्षमता है, जबकि आणंद, हिम्मतनगर, भुज और पाटण में लड़के और लड़कियों के प्रत्येक छात्रावास में 250 विद्यार्थियों की क्षमता है। 'समरस छात्रावास योजना'- जहां सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को, विशेषकर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (एसईबीसी) तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस छात्रावासों में रहने और गुणवत्तापूर्ण भोजन की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जाती है।

# कलेक्ट्रेट के पास बनेगा निबंधन विभाग का कार्यालय

**शासन ने दी मंजूरी, एआईजी द्वितीय के साथ ग्रेनो सब रजिस्ट्रार-2 कार्यालय खुलेगा**

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। कलेक्ट्रेट के पास करीब छह करोड़ की लागत से निबंधन विभाग का कार्यालय बनेगा। शासन ने बजट के लिए मंजूरी दे दी है। जल्द ही काम शुरू होगा।

कार्यालय बनने के बाद कलेक्ट्रेट से एआईजी द्वितीय का कार्यालय शिफ्ट होगा। साथ ही गामा-2 स्थित ग्रेनो सब रजिस्ट्रार के विभाजन के बाद एक कार्यालय भी बिल्डिंग में शिफ्ट होगा।

कलेक्ट्रेट के पास निबंधन विभाग की 2000 वर्ग मीटर जमीन पर निबंधन विभाग का कार्यालय बनना है। कार्यालय बनाने के लिए एआईजी द्वितीय की तरफ से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें 6 करोड़ से अधिक की धनराशि की मांग की गई थी। बिल्डिंग के प्रथम तल पर प्रस्तावित सब रजिस्ट्रार-2 ग्रेटर नोएडा का कार्यालय होगा।

जल्द ही जबकि प्रथम तल पर एआईजी द्वितीय का कार्यालय होगा। जो इस समय कलेक्ट्रेट में है। कार्यालय बनने से लोगों को भी काफी सुविधा होगी। प्रशासन दादरी और ग्रेनो के सब रजिस्ट्रार कार्यालय का विभाजन कर रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। एआईजी द्वितीय शशि भूषण मिश्रा ने बताया कि दादरी में बनने वाले नए सब रजिस्ट्रार का कार्यालय तहसील गेट के पास स्थित बिल्डिंग में शुरू होगा। वहीं, ग्रेनो में भी नया कार्यालय पुराने कार्यालय वाली बिल्डिंग में शुरू होगा, लेकिन कलेक्ट्रेट के पास बिल्डिंग बनने के बाद नया सब रजिस्ट्रार कार्यालय शिफ्ट हो जाएगा।

## धामी एक करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी 30 नवंबर को प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में बागेश्वर जिले की एक करोड़ से अधिक लागत की 58 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। यह बात मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने मंगलवार को विकास भवन में अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को इस वर्चुअल कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मौके पर लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए जाएंगे। साथ ही स्वंय सहायता समूहों की गोष्ठी और विकास प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी।

## ब्रिटेन सरकार ने बंगाल में इंटेलिजेंट मोबिलिटी के लिए रोडमैप जारी किया

कोलकाता। ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को बिल्डिंग ए नेट जीरो फ्यूचर विषय पर एक सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल में एक इंटेलिजेंट मोबिलिटी स्किल सेंटर स्थापित करने के लिए एक रोडमैप जारी किया।

सत्र का आयोजन यहां ब्रिटिश उप उच्चायोग कोलकाता द्वारा बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से किया गया था।

इस सत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, सतत बुनियादी ढांचे, अपशिष्ट और जल प्रबंधन, नेट शून्य मानक और वायु प्रदूषण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाली11 ब्रिटेन कंपनियों ने भाग लिया है।

पिछले 30 वर्षों में ब्रिटेन हरित परिवर्तन में सबसे आगे रहा है, यह दर्शाता है कि आर्थिक विकास जलवायु और पर्यावरण की रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है।ब्रिटेन प्रतिनिधिमंडल दो शहरों - कोलकाता और चेन्नई की यात्रा करेगा।

दोनों शहरों में पांच दिनों में प्रतिनिधिमंडल कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट और चेन्नई में ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस में भाग लेगा।

दक्षिण एशिया के उप व्यापार आयुक्त अन्ना शॉटबोल्ट ने कहा, कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट से पहले ब्रिटेन नेट ज़ीरो सत्र में भाग लेने पर मुझे खुशी हो रही है। ब्रिटेन और भारत के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध होने के साथ, मुझे दोनों देशों के बीच सहयोग की एक बड़ी संभावना दिखाई देती है।

## टीवी चैनलों को सलाह, टनल में चल रहे बचाव कार्यों को सनसनीखेज न बनाएं

नई दिल्ली/देहरादून। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को टेलीविजन चैनलों को उत्तराखंड में सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए किए जा रहे बचाव कार्यों (रेस्क्यू) अभियान को सनसनीखेज बनाने से बचने की सलाह दी है। इस परामर्श में कहा गया है कि जिस सुरंग स्थल पर बचाव अभियान चल रहा है, उसके करीब से कोई भी लाइव पोस्ट/वीडियो न करें और यह सुनिश्चित करें कि मानव जीवन बचाने में लगीं विभिन्न एजेंसियों की गतिविधि किसी भी तरह से ऑपरेशन स्थल के पास या आसपास कैमरामैन, पत्रकारों या उपकरणों की उपस्थिति से बाधित या परेशान न हो। मंत्रालय द्वारा जारी इस परामर्श में यह भी जानकारी दी गई है कि सरकार दो किलोमीटर लंबी सुरंग के एक हिस्से में फंसे श्रमिकों से लगातार संपर्क बनाए हुए है और उनका मनोबल बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। विभिन्न सरकारी एजेंसियां 41 श्रमिकों की सुरक्षित निकासी के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। सुरंग के आसपास चल रहा बचाव कार्य बेहद संवेदनशील प्रकृति का है, जिसमें कई लोगों की जान बचाना शामिल है। टीवी चैनलों द्वारा खासकर बचाव कार्य स्थल के करीब कैमरे और अन्य उपकरण रखकर बचाव कार्य से संबंधित वीडियो फुटेज और अन्य तस्वीरों के प्रसारण से चल रहे ऑपरेशन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टीवी चैनलों को सलाह दी है कि वे इस मामले पर रिपोर्टिंग करते समय सतर्क और संवेदनशील रहें, खासकर हेडलाइन, वीडियो और तस्वीरें डालते समय।

# तीन क्लस्टरों के सरफेस पार्किंग का निकला टेंडर

**एक वर्ष से शहर में सरफेस पार्किंग पर नहीं हो पा रहा एजेंसी का चयन**

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने शहर के तीन क्लस्टरों के सरफेस पार्किंग के टेंडर जारी किए हैं। चयनित एजेंसी को पार्किंग का ठेका देने के बाद काम शुरू हो पाएगा। इसके बाद सरफेस पार्किंग का शुल्क लगेगा। एजेंसी का चयन नहीं होने से एक वर्ष से सेक्टर-18 को छोड़कर शहर की सरफेस पार्किंग निशुल्क चल रही है, लेकिन अब प्राधिकरण की कवायद के बाद पार्किंग का शुल्क दोबारा से लगना शुरू होगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, क्लस्टर-एक, तीन और आठ के लिए टेंडर निकाले गए हैं। क्लस्टर-एक के तहत वर्क सर्किल-एक, दो और तीन के क्षेत्र आते हैं।



क्लस्टर-तीन के तहत वर्क सर्किल-पांच, आठ और नौ के क्षेत्र हैं। इसी तरह से क्लस्टर आठ में सेक्टर-75-79, 104 और 120 का क्षेत्र आता है। क्लस्टर-एक और तीन के अंतर्गत सेक्टर-तीन, 29, 10, 15, 27ई, 19, 6, 30, एमपी-दो और तीन का क्षेत्र, सेक्टर-39, 50, 41, डीएससी रोड, सेक्टर-51, 33ए, 54, 60, 58, 57, 55, 110, 125, 126, 132, 142, 59 और सेक्टर-135 के क्षेत्र के पार्किंग शामिल होंगे।

### दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने की योजना

अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर तक सरफेस पार्किंग की टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद नए साल से सरफेस पार्किंग को सक्रिय करने की योजना है।

### हर माह 70 लाख के राजस्व का नुकसान

प्राधिकरण की ओर से ठेके पर पार्किंग देने पर न्यूनतम 70 लाख रुपये प्रति माह का राजस्व प्राप्त होता है।

पार्किंग को ठेके पर नहीं देने पर कम से कम इतना तो नुकसान हो ही रहा है। जानकारों के अनुसार, अधिकतम राजस्व इससे कहीं ज्यादा है। ऐसे में प्राधिकरण का पार्किंग शुरू करने पर पूरा जोर है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के आगमन से पूर्व तैयार है सूरत हवाईअड्डा

सूरत। (पी एम ए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 दिसंबर को सूरत एयरपोर्ट पर उतरने से पहले एक नई सुविधा मिल गई है। प्रधानमंत्री का वाइड बॉडी एयरक्राफ्ट (एयर इंडिया वन-बोइंग-777) 17 दिसंबर को सूरत हवाई अड्डे के डुमस छोर से रनवे पर उतरेगा। उनका विमान वेसु छोर से मुड़ेगा और फिर से डुमस एंड की ओर उड़ान भरेगा।



सूत्रों के मुताबिक, डायमंड बुर्स के उद्घाटन के लिए आने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिसंबर को सूरत हवाई अड्डे के विस्तारित आधुनिक टर्मिनल भवन, एयरो ब्रिज, पार्किंग, समानांतर टैक्सी ट्रैक का हिस्सा और वेसु छोर पर एक विस्तारित टर्निंग पैड का भी उद्घाटन करेंगे। वेसू के लिए तैयार नए टर्निंग पैड को सोमवार को डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने भी तत्काल मंजूरी दे दी है। टर्निंग पैड को बड़ा किया गया है ताकि डुमस की ओर से उतरने वाला विमान वेसु एंड से आसानी से टर्न ले सके। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने वेसु की ओर रनवे के टर्निंग पैड को संशोधित और बड़ा किया है ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एयर इंडिया वन - बोइंग-777 विमान सूरत हवाई अड्डे पर आसानी से उतर सके। डीजीसीए ने ट्रायल रन के बाद नए संशोधित टर्निंग पेड का उपयोग करने की अनुमति भी दे दी है।

सूरत एयरपोर्ट का मौजूदा रनवे 2,905 मीटर लंबा है। लेकिन वेसू की ओर सटी संपत्तियों के कारण वेसू से विमान उतारने के लिए 615 मीटर के रनवे को काट दिया जाता है। यानी पायलट को 615 मीटर रनवे के आगे 2290 मीटर रनवे का ही इस्तेमाल करना पडता है। वमानन उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि सूरत हवाई अड्डे पर टर्निंग पैड को बड़ा करने से डुमस की ओर से उतरने वाले वाइड बॉडी विमानों को एक निश्चित अवधि के भीतर लाभ मिल सकता है, यह सुविधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूरत की सुरक्षित यात्रा के लिए बनाई गई है।

# रोडवेजकर्मी 26 को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

हिसार। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर हुये आंदोलन के दौरान मानी गई मांगों को लागू न करने, कर्मचारियों के अर्जित अवकाश काट लेने तथा अन्य मांगों और समस्याओं को लेकर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी 26 नवंबर को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

घेराव की रणनीति और इसमें अधिकाधिक कर्मचारियों को ले जाने के लिए मंगलवार को हिसार डिपो में सांझा मोर्चा की गेट बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता इसके वरिष्ठ नेताओं रमेश श्योकंद, शिवकुमार श्योराण और अन्य नेताओ ने संयुक्त रूप से की। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्योकंद और शिव कुमार ने मांगों और समस्याओं का विस्तार से ब्यौरा रखा। इन्होंने खेद जताया कि मानी गई मांगों को लागू कराने के लिए आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है।

यही नहीं, सहमति के बावजूद कर्मचारियों के अर्जित अवकाश काट लिए जिसे वे सहन नहीं करेंगे और 26 नवम्बर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपना रोष जाहिर करेंगे।

# कर्नाटक भाजपा में बीएस येदियुरप्पा का दबदबा कायम

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में आर अशोक की नियुक्ति ने एक बार फिर से कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का प्रदेश की राजनीति में दबदबा कायम है। राज्य पार्टी इकाई में श्री येदियुरप्पा के पुनरुत्थान से अधिक श्री अशोक की नियुक्ति ने उनके धुर विरोधी बीएल संतोष के पर कतर दिए हैं। जो 2021 में उस समय निचले स्तर पर थे, जब लिंगायत के मजबूत नेता को केंद्रीय नेतृत्व ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में अपदस्थ छोड़ने के लिए कहा था भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संतोष का येदियुरप्पा के साथ टकराव चल रहा था, जिन्हें राज्य के पार्टी मामलों में बोलने की खुली छूट नहीं दी गई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में उनके वजह से भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा था और कांग्रेस ने बहुत बड़ी जीत दर्ज की थी क्योंकि श्री संतोष कर्नाटक में दूसरी पंक्ति के नेताओं के साथ सामंजस्य बनाने में पूरी तरह से विफल रहे थे। सबसे चौकाने वाली बात यह रही कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 69 लिंगायत उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था जिसमें से केवल 15 ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के 46 लिंगायत उम्मीदवारों को टिकट दी उनमें से 37 ने जीत दर्ज की थी।

## रानीबाग-नैनीताल रोप-वे मामले में हुई प्रगति

नैनीताल। पर्यटन के लिहाज से बेहद अहम उत्तराखंड के काठगोदाम-नैनीताल रज्जू मार्ग (रोप-वे) योजना के मामले में मंगलवार को प्रगति हुई और कंसलटेंट कंपनी की ओर से शासन के समक्ष विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कंसलटेंट कंपनी की ओर से देहरादून में रोप-वे योजना को लेकर विस्तृत रिपोर्ट पेश की गयी। खासकार योजना के एलाइनमेंट, टर्मिनल और स्टेशन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान योजना के अंतर्गत आने वाली सरकारी विभागों की भूमि पर भी बात हुई। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की सहायता से रानीबाग और हनुमानगढ़ के मध्य करोड़ों रूपये की लागत से रोप-वे का निर्माण किया जा रहा है।

# डबल इंजन की सरकार बना दो, दंगे करने वाले राजस्थान छोड़कर चले जाएंगे : अमित शाह

एजेंसी

अलवर। (पी एम ए) राजस्थान में चुनाव के चार दिन शेष हैं। प्रदेश में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। पूरे राजस्थान में भाजपा कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के राष्ट्रीय नेता और स्टार प्रचारक लगातार दौरे कर रहे हैं। आज अलवर जिले के खैरथल में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।

अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार में दंगे नहीं होते बल्कि दंगे करने वालों को जेल भेज दिया जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है कि एक



बार डबल इंजन की सरकार बना दो, दंगे करने वाले राजस्थान छोड़कर चले जाएंगे। उन्होंने इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाएं भी गिनाईं।


उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान मैं दौरा कर रहा हूं। भाजपा के लिए बड़ी संख्या में हुजूम उमड़ रहा है। अलवर जिले के किशनगढ़ बास, मुंडावर, बानसूर, तिजारा के लोगों को मैं कहने आया हूं कि इस बार तीन दिवाली है। एक दिवाली आपने मना ली। दूसरी दिवाली 3 दिसंबर को मनाएंगे और तीसरी दिवाली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर मनानी है।

उन्होंने जनता से पूछा खैरथल वाले बताओ भगवान श्री राम के दर्शन करने हैं। राजस्थान में भाजपा की सरकार ला दो बारी बारी सभी को मुफ्त में अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन कराएंगे। इस दौरान किशनगढ़बास प्रत्याशी रामहेत यादव, तिजारा प्रत्याशी बालकनाथ, मुंडावर प्रत्याशी मंजीत और बानसूर प्रत्याशी देवीसिंह शेखावत सहित भाजपा के अनेक लोग मौजूद रहे।

# पराली जलाने पर अंकुश लगाने के हरियाणा के प्रयासों की सराहना

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण नियंत्रित करने के लिये राज्य सरकार के प्रयासों पर मुहर लगाने के वास्ते उच्चतम न्यायासलय की उस टिप्पणी का स्वागत किया जिसमें उसने पराली से सम्बंधित वित्तीय प्रोत्साहन देने के तरीके के लिये पंजाब को हरियाणा से सीख लेने की नसीहत दी है।

खट्टर ने मंगलवार को यहां कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि वास्तव में पराली के मामले में दोषी कौन है। उन्होंने इस कठिन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिये अपने किसानों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पराली जलाने की समस्या



को गम्भीरता से लिया है और किसानों के सहयोग से इसे जलाने की घटनाओं में कमी लाने में काफी सफलता पायी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है जो स्वास्थ्य से सम्बंधित है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिये। इस समस्या के समाधान के लिये सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है, लेकिन दुख की बात है कुछ राजनीतिक दल और पड़ोसी राज्यों की सरकारें इस पर राजनीति कर रही हैं। गत दिनों प्रदूषण के कारण ऐसे हालात हो गये कि कुछ स्थानों पर स्कूल बंद करने पड़े। इसलिए फिर से ऐसे हालात पैदा न हो इसके लिये सभी को मिलकर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में लगातार कमी आई है, जबकि पंजाब में ये घटनाये ज्यादा हैं। वर्ष 2021 में हरियाणा में पराली जलाने की 5993 घटनायें सामने आयीं जबकि 2022 में यह घटकर 3233 रह गईं। इसी तरह वर्ष 2023 में ये और कम होकर 1986 रह गयीं। वर्ष 2022 से 2023 के बीच राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में 39 प्रतिशत की कमी आयी है जबकि पंजाब में इस वर्ष पराली जलाने की 31932 घटनायें सामने आयी हैं जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का मुख्य कारण हैं।

खट्टर ने कहा कि राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में गिरावट से यह साबित होता है कि फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर सरकार किसानों को जागरुक करने में सफल रही है। राज्य सरकार पराली का जीरो-बर्निंग लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासरत है। सरकार ने पराली के उचित प्रबंधन के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कृषि विभाग ने किसानों को पराली प्रबंधन के लिये विभिन्न मशीनें और उपकरण भी मुहैया कराये हैं।

# रूद्रपुर में फल की दुकान से दो लाख रुपये के नशीले कैप्सूल बरामद

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर में पुलिस ने फल एवं सब्जी की दुकान से दो लाख रुपये कीमत के 5760 नशीले कैप्सूल बरामद कर विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टी. एस. मंजूनाथ ने आज बताया कि पुलिस और मादक द्रव्य निरोधक बल (एएनटीएफ) की ओर से सोमवार रात को रूद्रपुर के बेहद उच्च कुलीन मेट्रोपोलिस सोसाइटी में फल एवं सब्जी की दुकानों की विधिवत जांच की जा रही थी।

इसी दौरान पुलिस टीम को फल की एक दुकान से गत्ते की संदिग्ध बरामद हुई। इस पेटी की जांच की तो इसमें से ट्रेमेडाल कैप्सूल के 24 डिब्बे बरामद हुए। इनमें कुल 5760 नशील कैप्सूल थे। मौके पर ही विधि विवादित किशोर के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गयी।

पुलिस ने विधि विवादित किशोर के पिता शंकर लाल और ताऊ डोरीलाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि आरोपी डोरीलाल रूद्रपुर के पहाड़गंज स्थित एलएम सैनी मेडिकल स्टोर पर नशे के कैप्सूल का धंधा करता है। बरामद कैप्सूल की कीमत दो लाख रुपये आंकी गयी है।

## शार्ट न्यूज

### हलाल सर्टिफिकेट की जांच के लिए छापेमारी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मंगलवार को भी खाद्य एवं औषधि विभाग की हलाल सर्टिफिकेट प्रोडक्ट को लेकर छापेमारी जारी रही। दो दर्जन से अधिक स्टोर और मॉल के अंदर दो दिन में यह छापेमारी चल रही है। जहां भी हलाल सर्टिफिकेट प्रोडक्ट मिले हैं। उनको जब्त कर लिया गया है और सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। 5 जगहों पर हलाल सर्टिफिकेट के सामान मिले हैं, ऐसे दुकानदारों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि विभाग मुकदमा दर्ज करा रहा है। गाजियाबाद में असिस्टेंट कमिश्नर फूड विनीत कुमार ने बताया कि पूरे जिले में लगातार सोमवार से हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट को लेकर छापेमारी चल रही है। अभी तक दो दर्जन के करीब मॉल स्टोर आदि की जांच की जा रही है। जहां भी इस तरह का प्रोडक्ट मिल रहा है, उसको जब्त किया जा रहा है। एक सैंपल जांच के लिए भेजा जा रहा है। पांच ऐसी दुकान जहां इस तरह का प्रोडक्ट मिला है। उन सभी पर फूड सेफ्टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अधिकतर सुपर मसाला नूडल्स कुछ ऑर्गेनिक टाइप के प्रोडक्ट भी मिले हैं। जिन पर इस तरह का सर्टिफिकेट लगा है। विनीत कुमार ने बताया कि कुछ मल्टीनेशनल कंपनी के स्टोर हैं। साथ ही कुछ डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर है। जहां इस तरह के प्रोडक्ट मिल रहे हैं। यह छापेमारी लगातार जारी रहेगी।

### गाजियाबाद में 27 साल तक चलेगा महायज्ञ

**गाजियाबाद।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर में मानव इतिहास का सबसे बड़ा महायज्ञ आयोजित करने का संकल्प लिया है। ये महायज्ञ इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा यानि 27 नवंबर 2023 से प्रारंभ होकर अगले 27 वर्षों तक चलेगा। इसमें प्रतिदिन रुद्राभिषेक, संपूर्ण चंडी पाठ, यज्ञ और रात्रि में मां बगलामुखी यज्ञ होगा। ये महायज्ञ गाजियाबाद सहित विश्व में अलग-अलग स्थानों पर समय-समय पर आयोजित किया जाएगा। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा, वर्तमान परिस्थितियों में सनातन धर्म व सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए सात्विक दैवीय ऊर्जा का जागरण बेहद जरूरी है। महादेव शिव के साथ मां बगलामुखी और महाचंडी, योद्धाओं को सद्बुद्धि व शक्ति प्रदान करने वाली सम्पूर्ण विश्व की सबसे प्रमुख आध्यात्मिक शक्ति हैं। उनकी कृपा के बिना हम सनातनियों का उद्धार नही हो सकता। अब हमारे पास और कोई रास्ता नहीं है। भगवान श्रीराम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, भगवान परशुराम आदि ने इन्हीं की कृपा से अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त की थी। हमें भी विजय के लिये इनका ही अनुसरण करना पड़ेगा। यति नरसिंहानंद गिरि ने सम्पूर्ण विश्व के सभी हिन्दुओं से इस महायज्ञ में भाग लेने और यथासंभव दान सहयोग करने का आह्वान किया है। बता दें कि गाजियाबाद में शिव शक्ति धाम कस्बा डासना में स्थित है, जहां पर ये महायज्ञ शुरू होने जा रहा है।

### दुबई बेस्ड सट्टा खिलवा रहा दंपति गिरफ्तार

गाजियाबाद। वर्ल्ड कप में ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे दिल्ली के एक कपल को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये कपल दुबई बेस्ड एप्लिकेशन के जरिये सट्टा खिलवा रहा था। अनुमान है कि इस कपल के जरिये अभी तक पांच करोड़ रुपए का लेनदेन दुबई के खातों में किया गया है। पुलिस अभी तक ये बात स्पष्ट नहीं कह पा रही है कि दुबई बेस्ड एप महादेवा थी या कोई और। पुलिस अधिकारी सिर्फ आगे की जांच जारी रखने की बात कह रहे हैं। नंदग्राम थाना पुलिस ने बताया, राजनगर एक्सटेंशन में विंडसर पैराडाइज सोसाइटी है। यहां के फ्लैट नंबर ए-1708 में ऑनलाइन सट्टा लगाने की सूचना मिली। सोमवार को इस फ्लैट पर छापेमारी की गई। यहां से सौरभ जैन और उनकी पत्नी रूपाली जैन को गिरफ्तार किया गया। दोनों दिल्ली में थाना फर्श बाजार इलाके में छोटा बाजार शाहदरा के रहने वाले हैं। इनसे एक लैपटॉप, चार मोबाइल और पांच सिमकार्ड रिकवर हुए हैं। एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया, सौरभ जैन इससे पहले कपड़े का काम करता था। उसमें घाटा होने पर सौरभ सट्टे से जुड़ गया। जुलाई-2023 में ये कपल अपने एक परिचित के जरिये दुबई में गए थे। वहां उन्होंने ऑनलाइन सट्टा एप्लिकेशन के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वापस दिल्ली आए।

### पेट्रोल-पंप पर घटतौली-मिलावटी तेल देने को लेकर किसानों का हंगामा

मोदीनगर। भोजपुर में पेट्रोल पंप पर घट तौली और मिलावटी तेल देने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने मोदी नगर तहसील में प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो तहसील परिसर में अनिश्चित-कालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। भाकियू के तहसील अध्यक्ष सिंटू नेहरा व बाबा परमेन्द्र आर्य के नेतृत्व में गांव भोजपुर व आसपास के गांवों में दर्जनों ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली से मोदीनगर तहसील पहुंचे। ग्रामीण उप जिलाधिकारी संतोष राय के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव भोजपुर में एक पेट्रोल पंप है। पेट्रोल पंप पर मिलावटी और कम तेल दिया जाता है। मिलावटी पेट्रोल और डीजल मिलने से ट्रैक्टर व अन्य वाहन खराब हो रहे है। जब इसका विरोध किया जाता है तो पेट्रोल कर्मी मारपीट पर उतर आते है। रविवार को सतीश कुमार निवासी भोजपुर नामक किसान के साथ भी मारपीट की गई। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वह तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ जाएगे। उप जिलाधिकारी संतोष राय ने निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया।

### गाजियाबाद में यूपी रोडवेज की 429 बसों में लगाए जाएंगे वाहन ट्रैकिंग उपकरण

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की बसों को खास तौर पर महिला यात्रियों के लिए ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए, राज्य भर में लगभग 5,000 बसों के लिए व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाने की एक परियोजना शुरू की गई है। इमें गाजियाबाद क्षेत्र की 429 बसें भी शामिल हैं। यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना केंद्र सरकार के निर्भया फंड द्वारा समर्थित है। और इसका मकसद बसों में महिला सुरक्षा के मुद्दे को संबोधित करना और बसों की लाइव ट्रैकिंग जैसी टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन के साथ यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाना है। यूपीएसआरटीसी गाजियाबाद क्षेत्र के अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में 429 बसों की पहचान की गई है और अब तक 286 बसों में इंस्टॉलेशन पूरा हो चुका है। गाजियाबाद क्षेत्र में कुल मिलाकर 967 बसें संचालित होती हैं। यूपीएसआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन चौधरी ने कहा, वीएलटीडी लगाने का काम शुरू हो गया है और क्षेत्र की 429 बसों में से 286 को अब तक कवर किया जा चुका है। परियोजना में अन्य कंपोनेंट्स हैं जैसे पैनिक बटन लगाना, नए वाहनों का इंटीग्रेशन जो इन उपकरणों से लैस हैं। और यात्रियों की जानकारी के लिए क्षेत्रीय बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले यूनिट्स लगाना।

### वाहनों में ज्यादा पकड़ी जा रही जीएसटी चोरी

गाजियाबाद। त्योहारी सीजन में ट्रांसपोर्टरों के 62 वाहनों में जीएसटी चोरी का सामान पकड़ा गया है। राज्यकर विभाग के सचल दलों ने चेकिंग के दौरान बीते दो महीनों में इन वाहनों को ट्रेस कर टैक्स की रकम जमा कराई है। अन्य मालवाहक वाहनों में महज 2.8 फीसदी में ही जीएसटी चोरी पकड़ी गई है, जबकि ट्रांसपोर्टरों की जांच में 100 फीसदी वाहनों में चोरी का सामान मिला है। त्योहारी सीजन में माल की खरीद-फरोख्त बढ़ जाने के कारण जीएसटी चोरी की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी वजह से राज्यकर विभाग के सचल दलों ने सितंबर और अक्तूबर माह में वाहनों की चेकिंग बढ़ा दी थी। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जोन-दो के सचल दलों ने सितंबर में 9126 वाहनों की और अक्तूबर में 9239 वाहनों की जांच की है। दो महीने में की गई कुल 18365 वाहनों में से 515 में जीएसटी चोरी का ले जाते हुए पकड़ा गया है। इन वाहनों से मिले सामान की एवज में जीएसटी और जुर्माने के रूप में 8.09 करोड़ रुपये जमा कराए गए हैं। दूसरी ओर, इन दो माह में जोन-दो के सचल दलों ने ट्रांसपोर्टरों के कुल 62 वाहनों की चेकिंग की। इन सभी 62 वाहनों में जीएसटी चोरी का सामान पकड़ा गया है।

# दिल्ली प्रदूषण : सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब से कहा, हरियाणा से ले सबक

## अगर आरोप-प्रत्यारोप का खेल जारी रहा तो जमीन सूख जाएगी और पानी गायब हो जाएगा : पीठ

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण से संबंधित मामले की सुनवाई करते मंगलवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह हरियाणा सरकार यह सबक ले कि पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उसने किस प्रकार से किसानों को वित्तीय प्रोत्साहन दिया।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारों को इस मामले में राजनीति भूल कर यह पता लगाना चाहिए कि पराली जलाने पर कैसे रोक लगाया जाए।

पीठ ने कहा, उन्हें (पंजाब सरकार को) किसानों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन के संबंध में हरियाणा से



सीखना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार से किसानों को कुछ हद तक समर्थन देने को कहा और पूछा कि उन्हें (किसानों) खलनायक क्यों बनाया जा रहा है। उनके पास पराली जलाने के कुछ कारण होने चाहिए।

पीठ ने आगाह करते हुए कहा कि अगर आरोप-प्रत्यारोप का खेल जारी रहा तो जमीन सूख जाएगी और पानी गायब हो जाएगा।

पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति कौल ने पराली जलाने वाले को कुछ हतोत्साहन के बारे में बात करते हुए कहा, मैं गंभीरता से सोच रहा हूंज् इन लोगों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली के तहत कोई खरीद क्यों होनी चाहिए कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ क्यों मिलनी चाहिए।

पीठ ने सुझाव दिया कि जो किसान पराली जला रहे हैं, उन्हें चावल उगाने की इजाजत बिल्कुल नहीं दी जानी चाहिए।

न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, पराली जलाने के उनके पास कुछ कारण होंगे। प्रश्न बहुत प्रासंगिक हैं कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? राज्य हमें यह जवाब देने में सक्षम नहीं है।

पीठ ने मशीनरी वितरण के संबंध में राज्य और केंद्र के वकील से पूछा कि वे इसे 100 फीसदी मुफ्त क्यों नहीं करते।

शीर्ष अदालत ने सात नवंबर को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकारों को फसल (पराली) जलाने पर तुरंत रोक लगाने का आदेश दिया था।

शीर्ष अदालत ने केंद्र को बाजरा जैसी अन्य वैकल्पिक फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देकर पंजाब में धान की खेती को चरणबद्ध तरीके से बंद करने पर विचार करने का भी निर्देश दिया था।

## ग्रेनो प्राधिकरण सफाई के लिए बनाएगा क्विक रेसपोंस टीम

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर में सफाई कर्मियों की हड़ताल से सीख लेते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने क्विक रेसपोंस टीम ( क्यूआरटी ) बनाने का फैसला किया है। हड़ताल या किसी अन्य विपरीत परिस्थितियों में यह टीम साफ-सफाई व्यवस्था को संभालेगी। खाली समय में उन जगहों की सफाई करेगी। जो वर्तमान समय में अछूते रह गए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक जगहों पर रात में भी सफाई (नाइट स्वीपिंग) कराने का निर्णय लिया है।

कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। कई दौर की वार्ता और अधिकांश मांगें मानने के बावजूद सफाईकर्मी हड़ताल की जिद पर अड़े हैं।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर कॉन्ट्रैक्टरों ने अस्थाई सफाई कर्मियों की तैनाती कर सफाई व्यवस्था को संभाल लिया है। फिर भी भविष्य में इस तरह की परिस्थिति सामने आने पर सफाई व्यवस्था पर असर न पड़े। इसके लिए सीईओ ने क्विक रेसपोंस टीम का गठन करने का निर्णय लिया है। इस टीम में कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन 300 सफाईकर्मी होंगे। ये स्वास्थ्य निरीक्षकों की निगरानी में सफाई व्यवस्था की कमान संभालेंगे। खाली समय में ये सफाईकर्मी उन जगहों की सफाई करेंगे, जो किसी कारणवश मौजूदा मैनुअल स्वीपिंग व्यवस्था से अछूते रह गए हैं।

प्राधिकरण ने एक और अहम फैसला लिया है। अब ग्रेटर नोएडा के बाजारों व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की रात में भी सफाई कराई जाएगी। जहां पर पब्लिक का आवागमन अधिक होता है। खासकर जगत फार्म, रामपुर मार्केट, तुगलपुर जैसे जगहों को इनमें शामिल किया गया है।

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। (पी एम ए) राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया और अन्य की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी है।

4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया था और अंतरिम राहत और नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए मामले को 4 सितंबर को फिर से सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल जुलाई में एक नोटिस जारी किया था और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के उन आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जांच एजेंसियों से जवाब मांगा था, जिसमें उन्हें सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

3 जुलाई को, दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने मनीष सिसोदिया को यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया कि वह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत देने की दोहरी शर्तों और ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करते हैं।

7 जुलाई को ईडी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी और कुछ अन्य आरोपी व्यक्तियों की 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

इस साल 26 फरवरी को सीबीआई द्वारा सिसौदिया को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने 9 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था।

## व्यापार मेले में सबको लुभा रहे हैं उत्तराखंड के उत्पाद

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान मंगलवार को उत्तराखंड दिवस पर नाट्यशाला में आयोजित समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ने ऐसा समा बांधा कि मेले में आए असंख्य लोग इस कार्यक्रम में उमड़ पड़े।

उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरु होने से पहले उत्तराखंड सरकार के कार्यों को रेखांकित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'वन प्रोडक्ट वन डिस्ट्रिक्ट' आह्वान का दूरस्थ दुर्गम पहाडी क्षेत्रों में पूरी जागरूकता के साथ लागू किया जा रहा है और राजय की मातृशक्ति तथा युवाओं द्वारा व्यापार मेले में लगाए गये स्टॉल में उन्होंने अपने जिस सामर्थ्य परिचय दिया है उसके गवाह मेले में आने वाले लोग



बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के उत्पाद मेले में लोगों को लुभा रहे हैं और सबके लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस वर्ष उत्तराखंड पवेलियन में 36 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, चम्पावत और टिहरी जिलों के हस्तशिल्प तथा हथकरघा के अलावा राज्य पर्यटन, खादी बोर्ड और औद्योगिक बोर्ड के भी स्टॉल मौजूद हैं। इस मेले में उत्तराखंड हथकरघा तथा हस्तशिल्प विकास परिषद के तहत हिमाद्रि ने भी अपना स्टॉल लगाया है।

मंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की भी झलक मेले में देखने को मिल रही है। पवेलियन में लगे स्टॉल में ऋषिकेश के स्टोन और पहाड़ों पर होने वाली जैविक दाल गहथ, उड़द, लोबिया, काली, सफेद भट, नौरंगी तथा तोर की अधिक मांग है। अल्मोड़ा की सुप्रसिद्ध बाल मिठाई दिल्ली में रहने वाले उत्तराखण्ड के निवासियों के अलावा दूसरे राज्यों के लोगों को खूब लुभा रही है और इसे लोग बढ़-चढ़कर खरीद रहे हैं। कपड़ों के स्टॉल में प्रमुख रूप से हरिद्वार की लोई शॉल, ऊनी कपड़े आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं और लोहाघाट की लोहे की कढ़ाई और अन्य वस्तुएं भी उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले पौने दो साल में उत्तराखंड सरकार ने राज्य के उत्पादों, दुर्गम क्षेत्रों की मातृशक्ति को रोजगार से जोड़ने, किसानों की आय दोगुनी करने को लेकर जो नीतियां बनाई हैं उसका लाभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में धरातल पर दिखाई दे रहा है। उत्तराखंड के प्रवासी राज्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं और यही लोग राज्य से बाहर रहकर भी उत्तराखंड का नाम रोशन करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## यीडा ने ई ऑक्शन से जुटाए 11.71 करोड़

### प्रदेश में निवेश को सुलभ बना रही योगी सरकार के प्रयासों का असर

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश में निवेश को सुलभ बनाने के योगी सरकार के प्रयास अपना असर दिखा रहे हैं। देश भर के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आतुर हैं। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मंगलवार को मात्र एक भूखंड के ई ऑक्शन के माध्यम से 11.71 करोड़ की आय की है। इससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास में गतिशीलता आएगी।

प्राधिकरण ने 8 मई 2023 को पेट्रोल पम्प के भूखंड के आवंटन की योजना ष्ट्स्न्स्- 04-2023 को ई ऑक्शन के माध्यम से आवंटित किए जाने की सूचना प्रकाशित की थी जिसमें कुल 4 भूखंड को सम्मिलित किया गया था। कुल 04 भूखंड के सापेक्ष भूखंड संख्या-FS-04, क्षेत्रफल-1600 वर्ग मीटर, सेक्टर-28 में उपलब्ध 01 भूखंड के सापेक्ष आवेदन प्राप्त होने पर मंगलवार को भूखण्ड का यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में ई ऑक्शन पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल बिड प्राइज लगभग 8.65 करोड़ था। बिड प्राइज 08.65 करोड़ के सापेक्ष प्राधिकरण को 11.71 करोड़ की आय हुई है। यह बिड प्राइज से 3.06 करोड़ अधिक है। परियोजनाओं के क्रियाशील होने पर लगभग 50 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। यह भूखंड मेसर्स करणी अपैरल्स एंड एक्सेसरीज को प्राप्त हुआ।

### आतिशी ने एलजी को लिखी चिट्ठी : दिल्ली में हो सकती है पानी की भारी किल्लत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जल्द ही पानी की भारी किल्लत हो सकती है। इसकी जानकारी खुद मंत्री आतिशी ने दी है। जल मंत्री आतिशी ने एलजी वीके सक्सेना से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में जल्द ही पानी की भारी कमी हो सकती है। क्योंकि चीफ सेक्रेटरी के कहने पर वित्त सचिव आशीष वर्मा ने अगस्त से जल बोर्ड के सारे फंड बंद कर दिए हैं। आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि वित्त मंत्री के लिखित आदेश की बाद भी फंज जारी नहीं किए हैं। सैलरी और रूटीन कामों के लिये भी पैसे नहीं है। सभी ठेकेदारों ने काम करने से मना कर दिया है।

## गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने गांजा तस्कर गैंग को किया गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस और स्वाट टीम ने लिफाफे में गांजा व चरस रखकर तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने एक युवती सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से करीब 20 किलो गांजा और 400 ग्राम चरस बरामद हुई है। दरसअल थाना बीटा-2 पुलिस टीम व स्वाट टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान चिन्टू ठाकुर ,बिन्टू उर्फ कालू , जय प्रकाश व वर्षा को नवादा गोलचक्कर से गिरफ्तार किया ।इन लोगों के कब्जे से 20 किलो 390 ग्राम अवैध गांजा, 400 ग्राम अवैध चरस, घटना में प्रयुक्त एक कार वर्ना, एक मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 148 फ्लिपकार्ट कम्पनी के लिफाफे, 38 पैकिंग पॉलीथिन, 03 पालीथिन के पैकेट, घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि ये सभी शातिर किस्म के गाँजा व चरस तस्कर है, जिनका एक गिरोह है। गिरोह के नेटवर्क में रिंकू उर्फ सेठ भारी मात्रा में शिलाँग से गांजा व चरस लेकर आता था। जिसे चिन्टू व बिन्टू के माध्यम से डिस्ट्रीब्यूट कराने का काम किया जाता था।

## नोएडा के लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हाल में लगी आग

### दमकल की 7 गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के अंतर्गत लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हाल में आग लग गई। आग हॉल के निर्माणाधीन हिस्से में लगी। इस दौरान वहां कोई नहीं था। मौके पर सात से ज्यादा दमकल की गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग को बुझा दिया गया है। धुआं हटाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं झुग्गी झोपड़ी वालों को अलर्ट किया गया है।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि ये बैंक्वेट हाल सेक्टर-74 में है। निर्माणाधीन हिस्से में सजावटी सामान है इसलिए आग तेजी से फैली। आग किन कारणों से लगी इसका पता किया जा रहा है। आग में कोई व्यक्ति फंसा नहीं है और अब तक कोई जन हानि की जानकारी नहीं है।

एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि हॉल के निर्माणाधीन हिस्से पर फूल लगाने का काम किया जा रहा था। जिसमें वैल्डिंग मशीन का प्रयोग हो रहा था। वहीं से चिनगारी उठने की संभावना है। जिससे आग लगी। फिलहाल जांच के बाद ही पता सही कारणों का पला चल सकेगा।

लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हाल में जिस स्थान



पर आग लगी वहां निर्माण और सजावटी काम चल रहा था। आग से सजावटी सामान जलकर राख हो गया। इसकी कीमत करीब 20 लाख आंकी जा रही है। फिलहाल नुकसान का आकलन लाखों में है।

### जिस स्थान लगी आग वहां से कुछ दूर पर झुग्गी झोपड़ी

जिन स्थान पर आग लगी वहां से कुछ दूरी पर झुग्गी झोपड़ी है। आग की लपट और चिनगारी वहां भी पहुंच रही है। सावधानी के तौर पर लोग झुग्गी खाली कर रहे है। दमकल विभाग की ओर से वहां भी एक गाड़ी को तैनात किया गया है। साथ ही लोगों को झुग्गी खाली करने को कहा गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही आग पर काबू कर लिया जाएगा।

## दिल्ली में चलेंगी एप आधारित प्रीमियम बसें

### नई नीति के तहत ई-बसों का लाइसेंस फीस होगी माफ

नई दिल्ली। दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने दिल्ली मोटर वाहन लाइसेंसिंग ऑफ एग्रीगेटर (प्रीमियम बसें) योजना, 2023 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस योजना को दिल्ली के एलजी ने अपनी मंजूरी दे दी थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस योजना को क्रांतिकारी बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में इसे एक बड़ा बदलाव बताया। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा, मुझे उम्मीद है यह सेवा दिल्ली की पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में बहुत बड़ा बदलाव लाएगी। लोग अपनी कार और स्कूटर छोड़कर बसों में सफर करना शुरू करेंगे।

दिल्ली परिवहन विभाग ने बसों की प्री-बुकिंग और एग्रीगेशन का रास्ता साफ करने के लिए अपनी प्रीमियम बस एग्रीगेटर नीति जारी की। नए नियम दिल्ली के क्षेत्र में प्रीमियम बसों की लाइसेंसिंग और उनके संचालन को नियंत्रित करेंगे।

अधिसूचना में एक एग्रीगेटर को परिवहन के उद्देश्य से ड्राइवर के साथ जुड़ने के लिए एक डिजिटल मध्यस्थ या बेड़े के मालिक या यात्री के लिए बाजार के रूप में परिभाषित किया गया है।

यह एक व्यक्ति/इकाई हो सकता है, या तो बेड़े का मालिक या ऑपरेटर, जिसका कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट धारक के साथ संपूर्ण वाहन के इस्तेमाल के लिए समझौता है, न कि उसके किसी हिस्से के लिए।

परिवहन विभाग ने प्रीमियम बस एग्रीगेटर योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों (ई-बसों) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए स्पेशल इंसेंटिव दिया। नई नीति के आदेश के अनुसार, 1 जनवरी, 2025 से योजना के तहत दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक बसों के पंजीकरण की अनुमति होगी, जिसमें सीएनजी बसों या अन्य श्रेणी की बसों पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

दिल्ली मोटर वाहन लाइसेंसिंग ऑफ एग्रीगेटर (प्रीमियम बसें) योजना 2023 के अनुसार, लाइसेंस धारक को लाइसेंस मिलने की तारीख से 90 दिनों के भीतर कम से कम 25 प्रीमियम बसों का बेड़ा चालू रखना होगा। लाइसेंस पांच साल की अवधि के लिए वैध होगा।

नियम के मुताबिक, इस योजना के तहत लाइसेंस के लिए आवेदन करते समय लाइसेंस धारक के पास सार्वजनिक परिवहन / शेयर्ड ट्रांसपोर्ट में वाहनों के संचालन / प्रबंधन / संचालन के लिए कम से कम 3 वर्षों का अनिवार्य अनुभव होना चाहिए। साथ ही निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं के दौरान न्यूनतम 100 यात्री बसों का बेड़ा होना चाहिए। पिछले तीन वित्तीय वर्षों (प्रत्येक वर्ष), पिछले तीन वित्तीय वर्षों (प्रत्येक वर्ष) के दौरान न्यूनतम 1000 यात्री कारों का बेड़ा या यात्री कारों और बसों के मिश्रित बेड़े के मामले में, कुल न्यूनतम बेड़ा कम से कम 100 बसों के बराबर होना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए, 10 कारों को 1 बस के बराबर माना जाएगा।

## चलती कार में ड्राइवर ने की महिला डॉक्टर से छेड़छाड़

एजेंसी

नोएडा। क्लिनिक से घर लौटते समय कार चालक द्वारा महिला डॉक्टर के साथ छेड़खानी करने का मामला सेक्टर-113 थाने में सामने आया है। आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सुनसान जगह पर चालक ने महिला चिकित्सक के साथ गंदी हरकत की है। शिकायत में सेक्टर-50 निवासी महिला ने बताया कि वह पेशे से डॉक्टर है और ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन के गौर सिटी वन में उसकी क्लिनिक है। पुलिस ने आरोपी चालक राज कुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया है।

20 नवंबर की शाम को वह अपने क्लिनिक से मरीज देखने के लिए चेरी काउंटी नोएडा एक्सटेंशन पहुंची थी।

मरीज देखने के बाद महिला डॉक्टर अपनी कार से वापस सेक्टर-50 स्थित घर के लिए आ रही थी। स्पेक्ट्रम मॉल के पास सुनसान जगह पर उसके कार चालक बिहार निवासी राजकुमार मंडल ने कार चलाते हुए गलत इरादे से उसके साथ छेड़खानी की। राजू मंडल के इरादे की जानकारी होते ही महिला डॉक्टर ने तुरंत कार रुकवाई और अपने ससुर को फोन कर मौके पर बुलवाया।

इस दौरान राज कुमार मंडल वहां से भाग निकला। पुलिस फरार चालक की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे देखे और दबिश देकर सेक्टर-76 से गिरफ्तार किया।

# संपादकीय

## खेल की भावना

निस्संदेह भारतीय टीम का जीतना गौरव की बात होती, मगर इस हार का मूल्यांकन आस्ट्रेलियाई टीम के प्रदर्शन को सामने रख कर किया जाना चाहिए। पूरे खेल में उसका भी प्रदर्शन खराब नहीं कहा जा सकता। खेल को खेल भावना से ही खेला और देखा जाना चाहिए, पक्षपातपूर्ण या सियासी नजर से नहीं।

विश्व कप के अंतिम नतीजों को लेकर बहुत सारे भारतीय खेल प्रेमी निराश हैं, तो कई लोग इसे राजनीतिक नजरिए से भी देख रहे हैं। जिस तरह भारतीय टीम पूरे खेल के दौरान लगातार जीत दर्ज करती रही और हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी बेहतर देखा गया, कई कीर्तिमान भी बने, उसमें स्वाभाविक ही उम्मीद बनी थी कि भारत विश्व कप जीतेगा। मगर अंतिम मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए वही टीम कमजोर साबित हुई, तो इसे लेकर निराशा स्वाभाविक है।

मगर क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता है। कब किन स्थितियों में मजबूत टीम भी कमजोर पड़ जाती है, कहना मुश्किल है। कुल मिला कर देखें तो भारतीय टीम का प्रदर्शन अंतिम मैच में भी बुरा नहीं कहा जा सकता। बल्लेबाजी करते हुए उसके तीन खिलाड़ी जल्दी आउट हो गए, इसलिए टीम रक्षात्मक होकर खेलने लगी थी और रनों की दर धीमी पड़ गई। गेंदबाजी और क्षेत्र रक्षण में भी खिलाड़ियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। मगर जिस तरह लोगों में पहले से उत्साह बना हुआ था और पूरा विश्वास था कि भारतीय टीम ही इस बार का विश्व कप जीतेगी, उस धारणा के चलते बहुत सारे लोग इस मैच को खेल भावना से देख नहीं पाए और निराश हुए।

जैसा कि हर हार के बाद कमजोर पक्षों को पहचानने का प्रयास किया जाता है, विश्व कप को लेकर भी अलग-अलग कोणों से इसकी पड़ताल हो रही है। बहुत सारे लोग भारतीय टीम की हार का ठीकरा खराब पिच पर फोड़ रहे हैं, क्योंकि आस्ट्रेलियाई टीम ने इसी वजह से पहले गेंदबाजी का निर्णय किया था। मगर उसी स्टेडियम में पहले भी भारतीय टीम खेल चुकी थी और वह उस पिच के मिजाज से अच्छी तरह वाकिफ थी। इसलिए पिच को दोष देना भी ठीक नहीं माना जा सकता। कई लोगों को इस बात पर हैरानी हो रही है कि आखिर के चालीस ओवरों में भारतीय टीम ने केवल चार चौके लगाए।

सत्ताईस ओवरों में एक भी चौका-छक्का नहीं लगा। ऐसा क्या हो गया कि अपराजेय दिखते भारतीय खिलाड़ी इतने सुस्त पड़ गए? इसका बड़ा कारण शुरू में ही तीन खिलाड़ियों के आउट हो जाने से टीम पर पड़ा मनोवैज्ञानिक दबाव माना जा सकता है। इस तरह टीम रक्षात्मक होकर खेलती रही। मगर इसमें आस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाजों के कौशल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को चौके-छक्के जड़ने का मौका बहुत कम दिया।

कुछ लोग इसमें सट्टेबाजी का भी अंदेशा जता रहे हैं। चूंकि पहले कुछ मौकों पर ऐसा हो चुका है और उसके चलते कुछ भारतीय खिलाड़ियों पर गाज भी गिर चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने सट्टेबाजी पर रोक लगाने के लिए एक समिति भी बनाई थी। क्रिकेट बोर्ड में राजनीतिक दखलंदाजी बढ़ने से भी भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर आशंकाएं जताई जाती रही हैं। मगर इन तमाम आरोपों और आशंकाओं के पीछे भावनात्मक खीज अधिक कही जा सकती है। इस तरह आस्ट्रेलियाई टीम की काबिलियत को बहुत कम करके आंकने का प्रयास किया जा रहा है।

निस्संदेह भारतीय टीम का जीतना गौरव की बात होती, मगर इस हार का मूल्यांकन आस्ट्रेलियाई टीम के प्रदर्शन को सामने रख कर किया जाना चाहिए। पूरे खेल में उसका भी प्रदर्शन खराब नहीं कहा जा सकता। खेल को खेल भावना से ही खेला और देखा जाना चाहिए, पक्षपातपूर्ण या सियासी नजर से नहीं।

## सेंधमारी का संजाल

भारत में अभी साइबर दुनिया की सुरक्षा की दीवार पुख्ता नहीं है और इंटरनेट की दुनिया में आंकड़ों की हेराफेरी से लेकर ठगी तक के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। दूसरे देशों में भी इंटरनेट के उपयोग को पूरी तरह सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। जाहिर है, तकनीक के इस सुविधाजनक दिखते संसार को साइबर सेंध से अभेद्य बनाना दुनिया के तमाम देशों के सामने एक बड़ी चुनौती है।

तकनीक अपने आप में एक निरपेक्ष संसाधन है, जिसका मकसद मनुष्य के जीवन को ज्यादा सुविधाजनक बनाना रहा है। ज्यों-ज्यों इसका विस्तार होता गया, इसके बहुस्तरीय लाभ भी देश-दुनिया को मिले। मगर इसके समांतर ज्यादातर तकनीकों तक कुछ ऐसे लोगों के हाथ भी पहुंचे, जिन्होंने न सिर्फ उसे अवैध या गलत तरीके से कमाई और ठगी का जरिया बनाया, बल्कि आम लोगों के सामने कई तरह के जोखिम भी पैदा किए हैं। आज ज्यादातर लोग अपने बहुत सारे दस्तावेजी कामकाज के साथ-साथ आर्थिक लेनदेन के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं।

निश्चित रूप से यह कई मायनों में सुविधाजनक है, लेकिन अब साइबर अपराध का दायरा इस कदर फैलता जा रहा है कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने वालों के लिए हर वक्त सावधान रहने की मजबूरी खड़ी हो गई है। यों साइबर सेंधमारी सरकारों तक के लिए चुनौती बन गई है, लेकिन भारत में इंटरनेट को ठगी और वेबसाइट या ईमेल हैक करने से लेकर भयादोहन तक का जैसा जरिया बना लिया गया है, वह कई स्तरों पर चिंता पैदा कर रहा है।

गौरतलब है कि देश के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भारत की साइबर दुनिया में वैश्विक औसत की तुलना में सेंधमारी की घटनाओं में करीब दोगुनी बढ़ोतरी देखी गई है। यह स्थिति तब है जब सरकार से लेकर निजी क्षेत्र तक, सभी ओर से कामकाज के लिए डिजिटल माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता और इसे सुरक्षित बनाने के तमाम इंतजाम करने के दावे किए जाते हैं।

मगर हकीकत यह है कि आम लोगों से अलग-अलग तरीकों से साइबर ठगी करने की तो दूर, बेहद सुरक्षित तकनीकी दीवार के भीतर माने जाने वाले अनेक सरकारी संस्थानों से लेकर कुछ बैंकों की वेबसाइटों तक पर बड़े साइबर हमले हो चुके हैं। रोजाना न जाने कितने लोग ऐसे ठगों का शिकार होते हैं और कितनी रकम खातों से उड़ाई जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दस महीनों में औसतन 1.54 अरब अमेरिकी डालर के लिए साइबर हमला किया गया। इन हमलों में 2022 के बाद से दोगुनी बढ़ोतरी हो गई है। ये वे मामले हैं, जिनके खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई। ऐसी तमाम सेंधमारी और ठगी की घटनाएं होती हैं, जिनमें साधारण लोग इसका शिकार होते हैं, मगर वे कई वजहों से शिकायत दर्ज नहीं करा पाते।

सवाल है कि अगर आम जनजीवन में सुविधा के लिए चलन में लाई गई कोई तकनीक इस कदर असुरक्षित हो गई है कि इसके इस्तेमाल को लेकर हर वक्त भयग्रस्त और सावधान रहना पड़ता है तो इसे एक आम व्यवस्था बनाने के प्रयासों को कैसे देखा जाए। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि अवांछित समूहों द्वारा कई तरह से आम लोगों के निजी ब्योरे को कहीं से हासिल करके उसकी खरीद-बिक्री की जाती और इस तरह व्यक्ति की निजता का हनन करने से लेकर साइबर अपराध की भूमिका रची जाती है।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि भारत में अभी साइबर दुनिया की सुरक्षा की दीवार पुख्ता नहीं है और इंटरनेट की दुनिया में आंकड़ों की हेराफेरी से लेकर ठगी तक के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। दूसरे देशों में भी इंटरनेट के उपयोग को पूरी तरह सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। जाहिर है, तकनीक के इस सुविधाजनक दिखते संसार को साइबर सेंध से अभेद्य बनाना दुनिया के तमाम देशों के सामने एक बड़ी चुनौती है।

मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर विशेष

# क्षितिज पर स्थापित धरतीपुत्र : एक चर्चा



मो. फ़हद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी युवजन सभा

संघर्ष कर पहुंचता जो शून्य से शिखर पर।
उसकी ही जीवन गाथा रहती हर एक अधर पर।।
वर्षा का रुकता है, रुक कर कीचड़ बन जाता है।
जल क्षीर सिन्धु बन जाता हैं, जब रहता सदा सफ़र पर।।

इस देश में आजादी से पहले और आजादी के बाद अनेक नेता बने लेकिन केवल दो ही व्यक्ति ऐसे हुए जिनको देश की जनता ने *नेता जी* के रुप में जाना और माना। एक थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और दूसरे नेताजी मुलायम सिंह यादव।

आज हम स्मृतिशेष आदरणीय नेता जी मुलायम सिंह यादव की शून्य से शिखर पर पहुंच कर वहां टिके रहने वाली जीवन यात्रा पर प्रकाश डालने का प्रयास कर रहे हैं।

यह कहानी है उस धरतीपुत्र की, जिसका जन्म 22 नवंबर 1939ई में इटावा जिले के सैफई गांव के एक साधारण किसान परिवार में माता श्रीमती मूर्ति देवी की गोद में हुआ। इनके पिता जी का शुभनाम सुघर सिंह यादव था।

इन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा स्थानीय परिषदीय विद्यालय से प्रारम्भ की और जैन विद्यालय करहल से बारहवीं पास करने के बाद इटावा जाकर वहां के, के के डी सी कालेज से स्नातक की परीक्षा पास की।

नेतृत्व का नैसर्गिक गुण होने के कारण इनकी रुचि छात्र राजनीति में जगी और 1962 में पहली बार वह छात्र संघ का चुनाव लड़कर जीते तथा उस कालेज के पहले छात्रसंघ अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया। यहीं से उनकी युवा नेता के रूप में पहचान बनी। उसके बाद मुलायम सिंह यादव ने शिकोहाबाद से एम ए और बी टी/एल टी किया और फिर जैन कालेज करहल में कुछ समय तक शिक्षक के रूप में सेवा की।

राजनीति के अलावा पहलवानी में भी रुचि होने के कारण जगह जगह कुश्ती लड़ने और जीतने के फलस्वरूप इनका परिचय क्षेत्र और ख्याति बढ़ती गई। चूंकि एक जगह ठहर जाना और सामान्य जीवन जीते जाना इनकी नियति नहीं थी तथा इनको हर एक मुकाम से आगे कदम बढ़ा कर जीना था इस लिए नेता जी संघर्ष करते हुए चलते ही गये, बढ़ते भी गये।पहलवानी, राजनीति और जनसेवा की भावना ने इनको सतत् संघर्षशील बना दिया।

इसी बीच नेताजी की मुलाक़ात नत्थू सिंह से हुई जो इतनी घनिष्ठता में बदल गई कि उन्होंने इनको सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपनी परम्परागत विधानसभा सीट जसवन्तनगर से 1967 चुनाव मैदान में उतारा और पहली बार मात्र 28 वर्ष की उम्र में चुनाव जीत कर नेताजी विधायक बन गये।

चट्टानों का ज़िगर चीरकर, फूल खिलाना आता है।
सहरा में, बालू पर जिसको नाव चलाना आता है।
नई राह पर चल अपनी पहचान बनाना आता है।
पिछड़े, वंचित, जन मानस को जिसे जगाना आता है।
दे समाज को सही दिशा, वह नेताजी कहलाता है।।

जसवंत नगर से विधायक बनने के बाद नेताजी शिक्षक पद छोड़कर सतत समाज की सेवा और राजनीति की साधना में लग गये। छात्र जीवन से ही नेता जी, डाक्टर राम मनोहर लोहिया के समाजवादी विचारधारा से काफ़ी प्रभावित थे।

उन्होंने समाजवाद का न केवल प्रचार प्रसार किया बल्कि समाजवाद को स्वयं जिया और समाजवाद को स्थापित किया।

नेताजी की समाज सेवा और राजनीति की यात्रा 1967 से आरम्भ होकर आजीवन निर्वाध चलती रही। इस प्रकार वह छात्रसंघ अध्यक्ष से लेकर विधायक, सांसद, मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री और कई-बार केन्द्रीय मंत्री, रक्षा मंत्री आदि पदों को सुशोभित किया। धर्म निरपेक्ष समाजवादी राजनीति के इस सशक्त पुरोधा को भारतीय राजनीति में जो हैसियत हासिल है उसे कभी भी कोई नज़रंदाज़ नहीं कर सकता। विपक्षी दलों के राजनेता गण भी नेता जी माननीय मुलायम सिंह यादव को हमेशा सम्मान देते रहे हैं। यद्यपि समाजवादी पार्टी और नेता जी पर जातिवादी और तुष्टीकरण का आक्षेप चिपकाने का बहुत प्रयास विरोधी दलों विशेष रूप से भाजपा द्वारा किया गया परन्तु आंकड़े बताते हैं कि यह आक्षेप न तो सत्य है न कभी प्रमाणित हो सका है। समाजवादी पार्टी को सभी जातियों, वर्गों और धर्मावलंबियों का समर्थन मिलता रहा है और योग्यतानुसार सबको प्रतिनिधित्व मिलता रहा है।

माननीय मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत पद्मभूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया परन्तु जनमानस का मानना है कि जिस महापुरुष ने केंद्र के रक्षामंत्री के रूप में पहली बार सीमा पर शहीद होने वाले भारत के वीरों को सैनिक सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को उनके घर पहुंचा कर, राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि क्रिया कराने की अनिवार्य और विशेष व्यवस्था कराने का पुनीत कार्य आरम्भ किया, उन्हें भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए।

समय के शिलालेख पर धरती पुत्र नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव जी का नाम हमेशा हमेशा के लिए स्वर्णाक्षरों में अंकित हो चुका है।

अन्त मे इन चार पंक्तियों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

पानी पे जो दिखती है वो तस्वीर नहीं टिकती।
मिटते नहीं निशान, जो चट्टान पे बनते हैं।
कागज़ पे लिखी उम्दा तहरीर भी फ़ानी है।
मग़र, वक्त के ज़ेहन से पैबस्ता इबारत नहीं मिटती।

# चुनावी राज्यों में 245 करोड़ रुपये से ज्यादा मादक पदार्थों की बरामदगी चिंता का विषय

**संतोष पाठक**

चुनाव में शराब बांटने का प्रचलन बहुत पुराना है और इस बार भी इसमें कोई कमी नहीं आई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 86.82 करोड़ रुपये की शराब तेलंगाना में जब्त की गई है।

चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर यह एलान किया है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम- इन पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इन चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की कैश रकम, शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती सामान पकड़ा गया है। इस बात में किसी को कोई शक कतई नहीं होगा कि इस भारी-भरकम कैश, शराब, मादक पदार्थों और कीमती वस्तुओं का इस्तेमाल चुनाव में मतदाताओं को लुभाकर वोट हासिल करने के लिए ही किया जाना था।

चुनाव आयोग द्वारा दिया गया बरामदगी का विस्तृत डेटा चौंकाने से ज्यादा चिंता पैदा करता है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 2018 के राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में इस बार चुनावी राज्यों में बरामदगी में सात गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है और चुनाव के आखिर तक अभी इसमें और ज्यादा बढ़ोतरी होने की संभावना है। चुनाव में शराब बांटने का प्रचलन बहुत पुराना है और इस बार भी इसमें कोई कमी नहीं आई है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 86.82 करोड़ रुपये की शराब तेलंगाना में जब्त की गई है। दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश है जहां से 69.85 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है।

राजस्थान में अब तक 51.29 करोड़ रुपये की शराब जब्त की जा चुकी है और यहां यह आंकड़ा अभी और ज्यादा बढ़ना तय है। क्षेत्रफल के आधार पर पांचों राज्यों में सबसे छोटे राज्य मिजोरम में 4.67 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है और इस मामले में छत्तीसगढ़ सबसे नीचे है जहां से 2.16 करोड़ रुपये की कीमत की शराब जब्त की गई है।

लेकिन सबसे ज्यादा चिंताजनक बात इन राज्यों से बरामद किए गए ड्रग्स जैसे मादक पदार्थों का आंकड़ा हैं।

चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए ड्रग्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, यह अपने आप में भारतीय लोकतंत्र, चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों पर कई तरह के गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 103.74 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ तेलंगाना में जब्त की गई है। दूसरे नंबर पर राजस्थान है जहां से 91.71 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। मादक पदार्थों की जब्ती के मामले में तीसरे नंबर पर मिजोरम है जो क्षेत्रफल के आधार पर पांचों चुनावी राज्यों में सबसे छोटा राज्य है। मिजोरम में 29.82 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मध्य प्रदेश में 15.53 करोड़ रुपये और छत्तीसगढ़ में 4.55 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है।

# समय के यथार्थ संयोजन से जीवन को समर्थ बनाएं

समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,

पल में परलय होएगी

बहुरि करेगा कब प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं, उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है का वर्षा जब कृषि सुखावे इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है।समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है, और हजारों, लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है, वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं।

विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था।

सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।




# राजस्थान में लड़खड़ाता तीसरा मोर्चा



**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता व स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व बड़े नेता लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। भाजपा जहां सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं कांग्रेस 199 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने भरतपुर सीट राष्ट्रीय लोक दल को गठबंधन में दी है।

जहां कांग्रेस व भाजपा पूरे जोश खरोश के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं तीसरी ताकत बनकर चुनाव परिणाम को बदलने का दावा करने वाले तीसरे मोर्चे के दलों की स्थिति कमजोर लग रही है।

विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं। तीसरे मोर्चे में शामिल बसपा, आप, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एमआईएमआईएम, वामपंथी दल, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, भारतीय ट्राइबल पार्टी व भारत आदिवासी पार्टी ने चुनाव से पूर्व अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ने के बड़े-बड़े दावे किए थे। मगर चुनावी मैदान में इनमें से कोई भी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतर पाई है।

पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है। वही तिजारा से पार्टी ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया था। जिसने अंतिम समय में कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गए। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा पार्टी की जीत के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं मगर कैसे जीतेगें इस बात का उनके पास कोई जवाब नहीं है।

बसपा सुप्रीमो मायावती भी चुनावी प्रचार में उतर चुकी है। उन्होंने पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर, झुंझुनू जिलों की कई विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी की है।

बसपा के सामने सबसे बड़ा संकट पार्टी कि साख को लेकर है। बसपा से 2008 व 2018 में 6-6 विधायक चुने गए थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को धत्ता बता दिया था।

इसलिए लोगों का मानना है कि यदि बसपा के प्रत्याशियों को जीता भी दिया तो वह पार्टी में रहेंगे इस बात की क्या गारंटी है। पिछली बार के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को 6 सीट व 4.03 प्रतिशत मत मिले थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जहां पिछली बार 142 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं इस बार सिर्फ 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव से पहले तो अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राजस्थान में कई बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया था। मगर चुनावी अभियान के दौरान दोनों ही नेता अभी तक राजस्थान नहीं आयें है। पिछले चुनाव में आप पार्टी के सभी प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। आप को को सिर्फ 68051 वोट मिले थे।

नागौर सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे कर रहे थे। मगर चुनाव में उन्होंने सिर्फ 78 सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे है और उत्तर प्रदेश की आजाद समाज पार्टी कांशीराम के साथ गठबंधन किया है।

जिसके अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण स्वयं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सीट से चुनाव में बुरी तरह हार चुके हैं। उन्हे मात्र 7640 वोट ही मिले थे। हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई बड़े नेताओं के सामने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। यहां तक कि पिछले साल सरदार शहर उपचुनाव में 46000 वोट लेने के उपरांत भी उन्होंने वहां से अपने प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म वापस करवा दिया।

पिछले विधानसभा चुनाव में बेनीवाल की पार्टी से 58 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें तीन जीतने में सफल रहे थे वहीं 48 उम्मीदवारों की जमानत जप्त हो गई थी। बेनीवाल की पार्टी को 856038 यानी 2.40 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार बेनीवाल सांसद रहते स्वयं खीवसर से अपने भाई नारायण बेनीवाल के स्थान पर चुनाव लड़ रहे हैं।

आदिवासी बेल्ट में पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी नामक नई पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़कर दो सीट जीती थी। उनके आठ प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। तब पार्टी ने 255100 यानी 0.72 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। इस बार भारतीय ट्राइबल पार्टी का विभाजन हो गया और इससे टूटकर बनी भारत आदिवासी पार्टी ने 27 व भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 17 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएमआईएम पार्टी के सिर्फ 10 प्रत्याशी ही खड़े हुए हैं। जबकि चुनाव से पहले ओवैसी 40 से 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे। चर्चा है कि ओवैसी को 10 सीटों पर भी मुश्किल से ही प्रत्याशी मिल पाए हैं।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दातारामगढ़ सीट पर कांग्रेस के मौजूदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के सामने उनकी पत्नी रीटा चौधरी जननायक जनता पार्टी से खड़ी होकर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। राजस्थान में वामपंथी दलों की स्थिति भी कोई ज्यादा अच्छी नहीं है। पिछली बार दो सीटों पर जीतने वाली माकपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में माकपा ने 28 व भाकपा ने 16 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। जिनमें माकपा के दो प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल रहे थे। मगर इस बार माकपा व भाकपा के प्रत्याशियों की स्थिति ज्यादा सुदृढ़ नजर नहीं आ रही है।

राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा के अलावा अन्य सभी दलों के नेता अपने आप को तीसरा मोर्चा कलवाना पसंद करते हैं। हालांकि तीसरा मोर्चा के दलों में भी आपस में सामंजस्य नहीं है। वे एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव से पहले यह प्रदेश में सत्ता बनाने के बड़े-बड़े दावे करते रहे हैं। चुनावी मैदान में उनकी स्थिति को देखकर उस लंगड़े घोड़े की याद आती है जो रेस में तो शामिल हो जाता है मगर कभी जीत नहीं पता है। आज वैसे ही स्थिति राजस्थान में तीसरे मोर्चे की हो रही है। आज भी तीसरे मोर्चे के दलों के नेता एक दूसरे की टांग खींचाई करने से नहीं चूक रहे हैं। जो उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनकर उभर रही है।

## शार्ट न्यूज

### चादर डालकर 11वीं की छात्रा का अपहरण

**मेरठ।** मेरठ में ट्यूशन जाते वक्त 11वीं की छात्रा का कार सवार ने चेहरे पर चादर डालकर अपहरण कर लिया। छात्रा ने खुद को बचाने के लिए चलती कार से कूद गई। इसके बाद लड़खड़ाते एक दुकान पर पहुंची।जहां दुकान वाले से मोबाइल मांगी। इसके बाद बड़े भाई को फोन कर घटना बताई। बहन की बात को सुनकर भाई के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजन तुरंत घटना की जानकारी सदर पुलिस को दिए। मगर, पुलिस ने पूरा मामला गंगानगर का बताकर टरका दिया। घटना सोमवार दोपहर की है। कस्तला निवासी महबूब सैफी की बेटी छात्रा ईनू सैफी ईव्ज चौराहे पर कोचिंग करती है। सोमवार दोपहर में वह 5.30 बजे गंगानगर कोचिंग के लिए गई थी। मगर, देर शाम 6 बजे तक वापस नही लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। ग्रामीण सहित परिजन उसे खोजने के लिए निकले। आसपास पता किए फिर भी बेटी नही मिली। इसके बाद परिजन छात्रा की शिकायत करने थाने पहुंचे। तभी बड़े भाई के फोन पर छात्रा का फोन आया। छात्रा ने बताया कि आबूलेन मार्केट में ईनू सैफी बैठी है। परिजन और ग्रामीण मार्केट पहुंचे। जहां छात्रा ने लोगों को पूरी कहानी बताई। छात्रा के भाई के मुताबिक, बहन ने बताया कि वह एनडीए की कोचिंग के लिए सोमवार को भी मेरठ आई थी। यहां ऑल्टो कार सवाल युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। मुंह पर चादर डालकर उसे किडनैप किया और कार में डाल लिया।

### मऊ में चोरी के बाद चार दुकानों में लगी आग

**मऊ।** मऊ जनपद में थाना कोतवाली से चंद कदम दूर स्थित चार दुकानों में चोरी के बाद आग लगने का मामला सामने आया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चोरों ने पहले दुकान में घुसकर चोरी की है उसके बाद आग लगाकर भाग गए। एक साथ कई दुकानों में आग लगने के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। आपको बता दें यह पूरा मामला थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पोस्ट ऑफिस के ठीक सामने का है। चोरों ने क्षेत्राधिकार नगर कार्यालय के ठीक बगल में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस के सामने एक चुनौती पेश कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोर दुकान के ऊपर लगे करकट को हटाकर अंदर घुसे हैं। नकद रुपयों की चोरी के बाद दुकान में आग लगा दिया गया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार चार दुकानों में से तीन दुकानें भाजपा के नगर महामंत्री महेंद्र मद्धेशिया की है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाकर छानबीन शुरू कर दिया है। वही घटना के बाद से नगर के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। चार दुकानों में एक साथ आग लगने के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई है।

### संभल में खाद्य विभाग की छापेमारी

**संभल।** संभल में हलाल प्रोडक्ट पर बैन के बाद खाद्य विभाग ने छापेमारी शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद खाद्य विभाग की टीम अलर्ट नजर आई। बाजार में खाद्य विभाग की छापेमारी के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया। दुकान बंद कर व्यापारी भाग खड़े हुए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अभी कार्रवाई शुरू की है। अगर ऐसा कोई प्रोडक्ट पकड़ा जाता है तो नियमानुसार संबंधित कार्रवाई की जाएगी। हलाल अरबी भाषा का शब्द है इसका हिंदी में मतलब होता है स्वीकार्य। दो शब्दों का जिक्र है हलाल और हराम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हलाल प्रोडक्ट पर बैन करने के आदेश के बाद मंगलवार को संभल की सदर कोतवाली संभल क्षेत्र के मुख्य बाजार में खाद्य अधिकारी राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी शुरू की। खाद्य विभाग की टीम जब मुख्य बाजार में छापेमारी करने के लिए किराना दुकानों पर पहुंची तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और छापेमार कार्रवाई से डरकर भाग खड़े हुए। लेकिन इसके बाद भी कुछ दुकान खाद्य विभाग की टीम को बाजार में खुली मिली। वहीं पर खाद्य विभाग की टीम ने प्रोडक्ट को चेक किया है। खाद्य विभाग की इस छापेमारी के बाद दुकानदारों के चेहरे पर कार्रवाई का डर साफ-साफ दिखाई दिया। डोर टू डोर टीम ने दुकानों को चेक किया।

### गोरखपुर में 10वीं की छात्रा से गैंगरेप

गोरखपुर। गोरखपुर में सोमवार को एक 10वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। दो सगे भाइयों ने उसे रास्ते से किडनैप कर लिया। फिर एक खाली मकान पर ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। यह घटना उस वक्त अंजाम दी गई, जब छात्रा छठ पूजा घाट से वापस घर लौट रही थी। आरोप है कि बहन की तलाश करते हुए जब छोटा भाई मौके पर पहुंचा, तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। घटना बांसगांव इलाके के एक गांव में हुई है। पुलिस ने बेहोशी की हालत में छात्रा को CHC भेजा, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बदरा गांव निवासी चचेरे भाई दीपक और उपेंद्र पर सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया है। स्क्कसाउथ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है। दरअसल, करीब 17 साल की छात्रा रविवार की शाम छठ पर्व में शामिल होने के लिए घाट पर गई थी। लौटते समय आरोपी चचेरे भाइयों ने उसे पकड़ लिया। अगवा करके एक खाली मकान में ले गए और गैंगरेप किया। बेहोशी की हालत में छात्रा को छोड़कर आरोपी भागने ही वाले थे कि बहन को खोजता पीड़िता का भाई मौके पर पहुंच गया।

### भतीजे ने चाचा को पीटकर मार डाला

बिजनौर। बिजनौर के बढ़ापुर इलाके में शराब के नशे में भतीजे ने चाचा की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुट गई। मामला बढ़ापुर थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद का है। इस्लामाबाद में देर रात 65 वर्षीय मगन सिंह की उसके के ही भतीजे ओमपाल सिंह से शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान भतीजे ओमपाल सिंह ने गुस्से में आकर पास में खड़ी बैल-बुग्गी में लगे खलवे (डंडे) से पीट कर चाचा मगन सिंह की हत्या कर दी। बताया जा रहा है की मृतक मगन सिंह की एक बेटी है। जिसकी शादी के बाद मगन सिंह अकेले ही गांव के घर में रहता था। घटना की सूचना पर सीओ नगीना संग्राम सिंह और थाना प्रभारी सुमित राठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इस मामले में सीओ संग्राम सिंह का कहना है कि मृतक मगन सिंह उसके भतीजे के बराबर में ही घर था। शराब के नशे में ओमपाल ने डंडे से चाचा पर वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक

उन्नाव। उन्नाव में बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों को पूरी तरह से डिजिटलाइज करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिलों में नई व्यवस्था लागू की गई है। टाइम एंड मोशन स्टडी के संबंध में शासन की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार शिक्षक डायरी को छोड़कर आय-व्यय पंजिका समेत सभी चीजों को डिजिटलाइज किया जाना है। इससे स्कूलों होने वाले सभी क्रियाकलापों और पंजिकाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके, लेकिन उन्नाव में आज इसका शिक्षकों ने विरोध जताकर हंगामा काटा है। उन्नाव में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सैकड़ों शिक्षक सड़कों पर उतरे हैं। लगभग सभी ब्लॉकों में सैकड़ों शिक्षकों ने ऑनलाइन हस्ताक्षर का विरोध किया है। उन्नाव में छह ब्लाकों से शिक्षकों का विरोध सामने आया है। ब्लॉकों के शिक्षकों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी या टैबलेट से हाजिरी नहीं करेंगे। विरोध प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को समझने के का प्रयास भी किया गया और काफी देर तक शिक्षकों को समझने में जुटे रहे बावजूद शिक्षक इसका विरोध करते रहे। जनपद के गंजमुरादाबाद और हसनगंज में आज पूरी तरह से शिक्षण कार्य बाधित रहा है। इसके पीछे की वजह है कि शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी या टैबलेट से हाजिरी करने से शिक्षक नाराज हैं। शिक्षकों का कहना है जिस तरह से हाजिरी का सिस्टम चल रहा है वही लागू रखा जाए।

# लखनऊ में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 4 लेन सड़क का होगा निर्माण

## सीएम योगी के निर्देश पर फोर लेन सड़क के लिए कई विकल्पों पर किया जा रहा विचार

**लखनऊ।** लखनऊ के मलिहाबाद तहसील स्थित अटारी गांव में योगी सरकार पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क का विकास कर रही है। लगभग 1100 एकड़ के क्षेत्रफल में विकसित की जा रही इस परियोजना को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से अटारी गांव को फोर लेन रोड से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए कई विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, जिसमें कम लागत में उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के विकास से 1 लाख युवाओं को रोजगार के साधन



उपलब्ध होने की संभावना है। योगी सरकार को इस पार्क में दस हजार करोड़ से अधिक के निवेश की उम्मीद है। इस पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आत्याधुनिक सुविधाओं से भी लैस किए जाने की योजना है।

योगी सरकार टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के जरिए एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कपड़ा उद्योग से संबंधित सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिससे उद्योग की लागत कम हो सके।

वहीं निर्माताओं को निर्यात के लिए मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा स्थापित किया जाएगा। सीएम योगी के निर्देश पर अटारी फार्म स्थल तक 4 लेन चौड़े मार्ग की अधिकतम उपयोगिता एवं प्रस्तावित परियोजना की कम लागत के विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया। अपर मुख्य सचिव हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में आउटर रिंग रोड (रैथा अंडरपास) से पीएम मित्र पार्क तक कुल लंबाई 14.280 किमी (ग्रीन फील्ड में फोर लेन मार्ग निर्माण) तथा रैथा अंडरपास से आईआईएम तक कुल लंबाई 8.800 किमी (पूर्व निर्मित 3.00/3.70 मीटर चौड़ाई के मार्ग को दो लेन चौड़ा करने के लिए) तक कुल 454.34 करोड़ रुपए का आगणन कर मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) द्वारा 2 नवंबर को लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को प्रेषित किया गया, जिसका मुख्यालय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है।

# तीसरी आंख से बेटियों की सुरक्षा कर रही योगी सरकार



**लखनऊ।** योगी सरकार महिलाओं, बच्चों और सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। इसको लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल जाने वाली बेटियों की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिसको देखते हुए योगी सरकार ने सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर के सरकारी, गैर सरकारी विद्यायलों, कॉलेज, मदरसों, विश्वविद्यालयों के एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट को सीसीटीवी से लैस किया है। इसके अलावा, इन शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों की भी तीसरी आंख से मॉनिटरिंग की जा रही है। योगी सरकार ने यह निर्णय इन संस्थानों के बाहर लगने वाले अराजकतत्वों के जमावड़े और छेड़खानी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये लिया है। इतना ही नहीं, योगी सरकार की ओर से निजी कोचिंग संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर एक गाइड लाइन भी जारी की गयी है। योगी सरकार द्वारा सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 2500 विद्यालयों को सीसीटीवी से लैस करने के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 1692 विद्यालयों में सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं जबकि शेष में लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इन संस्थानों में 26,568 सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। इनमें 68 मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालय, 646 सहायता प्राप्त विद्यालय और 1786 वित्त विहीन विद्यालय शामिल हैं।

# संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ अभियान चलायेगी 'आप'

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद और उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी ने मंगलवार से घर घर दस्तक अभियान की शुरुआत की है।

पार्टी के जिलाध्यक्ष शेखर दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पेपर मिल निशातगंज में पर्चा अभियान चलाया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आप नेता की गिरफ्तारी का गलत करार दिया। दीक्षित ने बताया कि संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो उन्हें संसद से निलंबित किया गया। उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो उन्हें ईडी का डर दिखाया गया, लेकिन जब उन्होने केंद्र और उप्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना शुरू किया तो उन्हे जेल भेजने की साजिश रची गयी। उन्होने कहा कि आज हम सबने पर्चो को बांट कर देश को जागरूक करने का काम किया है। ताकि देश की जनता को सच पता चल सके। इस मौके पर उनके साथ सैयद फखरुल इमाम, नीरज सक्सेना, रेखा चतुर्वेदी, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश शुक्ला, नीरज, पीके बाजपेई, साहिल अंसारी सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# योगीराज में न्याय मांगना जान जोखिम में डालना : अजय राय

लखनऊ। (पी एम ए) उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराध विशेषकर महिलाओं के प्रति हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, छिनैती की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि से चिंतित उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी ने कहा कि आए दिन प्रदेश हो रहे अपराधों को देखकर यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में महा जंगलराज कायम है। उन्होंने कौशाम्बी में बलात्कार पीड़िता की आरोतिपों द्वारा कुल्हाड़ी से काटकर दिन दहाड़े की गई निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि योगीराज में न्याय मांगना अपनी जान जोखिम में डालने के बराबर है।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए अजय राय ने कहा कि अपराधियों में कानून का भय पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। प्रतिदिन बेखौफ अपराधी नये-नये अपराधों को अंजाम दे रहे हैं जिससे प्रदेश की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। कौशाम्बी की घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि बीस वर्षीय युवती ने आरोपियों पर तीन साल पहले बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था, आरोपित का भाई हत्या के मामले में लचर पैरवी के कारण जमानत पर छूट कर आया था। आरोपितों द्वारा युवती पर समझौते को लेकर दबाव बनाते हुए उसे लगातार डराया व धमकाया जा रहा था, युवती के दबाव में ना आने पर आरोपितों द्वारा उसकी दिन दहाड़े भीड़ वाले स्थान पर कुल्हाड़ी से काटकर नृशंस हत्या कर दी गई। यह घटना प्रदेश में पुलिस तंत्र असफलता एवं व्याप्त व्याप्त जंगलराज और अपराधियों के बुलंद हौंसलों को दिखाता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच बलात्कार या सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या के मामलों में उ0प्र0 में सबसे ज्यादा घटनाएं दर्ज की गई हैं। 2021 के एनसीआरबी के आकड़ों के अनुसार महिलाओं के प्रति अपराध के सर्वाधिक मामले उ0प्र0 में दर्ज किये गये जो प्रदेश में कायम जंगलराज का प्रमाण हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राजस्थान में एक चुनावी सभा के दौरान वहां की कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाने को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि उ0प्र0 में अपराध और अपराधी दोनों बेलगाम हैं, अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जिसे रोक पाने में अक्षम मुख्यमंत्री अपने भाषणों से स्वयं का मजाक बना रहे हैं।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा की 23 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में बाहुबली पूर्व सपा विधायक विजय मिश्रा की पुत्री व परिजनों के नाम अपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से खरीदी गई संपत्ति को मंगलवार को कुर्क कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन ने यहां बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर संगठित अपराध के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गयी।

उन्होने बताया कि थाना गोपीगंज में दर्ज मुकदमा धारा-3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी किया-कलाप (निवारण) अधिनियम के तहत सफेदपोश माफिया व गैंग लीडर अभियुक्त विजय कुमार मिश्रा निवासी खपटिहा, थाना हंडिया, प्रयागराज द्वारा अपराधिक कृत्यों से खरीदी गई भूमि



को जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी के आदेश पर शासन के पक्ष में कुर्क कर लिया गया।

बताया जाता है कि पूर्व विधायक द्वारा नाजायज ढंग से अर्जित धन को वैध रूप देने लिए पुत्री सीमा व वैष्णवी के नाम प्रयागराज में 0.773 हेक्टेयर जमीन को 23 करोड़ 20 लाख रूपए खरीदा गया था।

इस सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट भदोही के आदेश पर 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया गया। इस कार्यवाही में भदोही पुलिस के अलावा प्रयागराज पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम लगाई गई थी।

उन्होने बताया कि गैंग लीडर व चिन्हित माफिया के विरुद्ध हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग पंजीकृत हैं।

## कूड़े के ढेर में पड़ा मिला मानव भ्रुण

**हाथरस।** हाथरस में सिकंदराराऊ रेलवे स्टेशन परिसर में आज मानव भ्रूण पड़ा मिला। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन और पूछताछ की। इसके बाद उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाथरस में आज सिकंदराराऊ रेलवे स्टेशन परिसर में एक मानव भ्रूण पड़ा मिला। यह कूड़े के ढेर पर पड़ा हुआ था। इस पर जब लोगों की निगाह पड़ी तो वहां भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस में मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इस मामले में लोगों से पूछताछ और छानबीन की। जिले में पिछले 10 दिन में मानव भ्रूण मिलने की यह तीसरी घटना है। पिछले दिनों सादाबाद की एक गांव में पोखर में एक भ्रूण मिला था। चार दिन पहले सासनी के एक गांव में एक भ्रूण मिला था।

# लखनऊ में पुलिस अधिकारी के पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार एसयूवी की चपेट में आकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पुत्र की मौत हो गयी। इस सिलसिले में कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसआईटी में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव का पुत्र नैमिश (10) अपने कोच के साथ स्केटिंग सीख रहा था कि इस बीच जनेश्वर मिश्र पार्क के सामने सफेद रंग की महिन्द्रा एसयूवी ने उसको टक्कर मार दी। घायल नैमिश को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आज सुबह महिंद्रा एसयूवी की टक्कर से नैमिश की मौत हो गयी है। हादसे के बाद कार




सवार मौके से फरार हो गये, जिनकी तलाश में रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गयी और कार सवार सार्थक सिंह और देवर्षि वर्मा को धर दबोचा गया। दोनो अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। उधर, हादसे की सूचना मिलते ही स्पेशल डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार, डीजी ट्रेनिंग रेणुका मिश्रा, एडीजी डीके ठाकुर, एडीजी पीयूष मोर्डिया, एडीजी एसबी शिरडकर, एडीजी नवीन अरोरा वरिष्ठ अधिकारी के आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया ।

# कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष ने यूपी विस की ई-विधान योजना को समझा

एजेंसी

लखनऊ। कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष यूटी क़ादर फ़रीद के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान सभा में ई-विधान योजना की स्थापना एवं उसके कार्यान्वयन का जायजा लिया। देश में सूचना प्रौद्योगिकी के केंद्र माने जाने वाले बेंगलुरु से श्री फरीद के साथ विधानसभा सचिव तथा कर्नाटक विधान परिषद् के सचिव एवं अन्य अधिकारी आये थे। उन्होने उत्तर प्रदेश विधान सभा में ई-विधान की योजना के सफल संचालन एवं पेपरलेस तकनीक के क्रियान्वयन की सफलता को सराहा। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों को प्रदेश विधान सभा में ई-विधान तथा डिजिटल प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया।

शिष्ट मण्डल को बताया गया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की समस्त कार्यवाही इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से संचालित होती है तथा यहां पर सभी विधायक इस विधा का प्रयोग करते हैं। उत्तर प्रदेश विधान सभा की पूर्ण कार्यसूची, प्रश्न प्रहर से अंत तक इलेक्ट्रॉनिक विधान की प्रणाली से संचालित किए जाने के लिये पूर्ण रूप से सुसज्जित है।

# बागपत पुलिस ने 3 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

## 8 कुंतल से अधिक गांजा बरामद, करीब 1.25 करोड रुपए , एसपी ने किया मामले का खुलासा

**बागपत।** बागपत में पुलिस और सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सुचना पर सफलता हाथ लगी है। जहां पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 3 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है इनके कब्जे से एक ट्रक में भारी 8 कुंतल17 किलो मादक पदार्थ जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 1.25 करोड रुपए बताई जा रही है। वहीं गिरफ्तारी करने वाली टीम का एसपी ने हौसला अफजाई करते हुए 25 हजार का इनाम दिया है। पुरा मामला बागपत कोतवाली क्षेत्र का है। जहां मुखबीर की सूचना पर बागपत पुलिस और सर्विलांस की टीम ने चेकिंग अभियान



चलाते हुए तीन गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है गांजा तस्करी की ये बड़ी खेप हरियाणा की तरफ लेकर जाई जा रही थीं।

गिरफ्तार अभियुक्त इकबाल और इनाम निवासी हरियाणा और मदनमोहन प्रधान निवासी उड़ीसा को गिरफ्तार किया है यह सभी लोग सोशल मीडिया के माध्यम से गांजा सप्लाई करते थे फिलहाल पुलिस इस मामले में अभी और भी छानबीन में जुटी है। पुलिस ने ट्रक को भी कब्जे में लिया है जिसमें 8 कुंतल 17 किलो गंज भर कर लाया जा रहा था जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ 25 लख रुपए बताई जा रही है फिलहाल गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया है।

### पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया

बागपत एसपी अर्पित विजयपर्गीय ने बताया की चेकिंग अभियान के दौरान सर्विलांस टीम और बागपत पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है इनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# अलीगढ़ में 2 बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

## ठगी और लूट की वारदात को देते थे अंजाम, हाथरस में भी दर्ज हैं मुकदमे

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में आमजनों के साथ धोखाधड़ी, जालसाजी, लूट और चोरी करने वाले दो शातिर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। दोनों अपराधियों के खिलाफ कई नामजद मुकदमें दर्ज हैं। जिसके चलते पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही है और लगातार दबिश दे रही है। अब जवां पुलसि ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। जवां पुलिस ने



एसएसपी के निर्देशानुसार तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों गैंग बनाकर काम करते हैं और लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। यह सभी शातिर अपराधी हैं और विभिन्न मामलों में पहले से नामजद हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पेशेवर अपराधी हैं और पहले भी जेल जा चुके हैं। जवां पुलिस के अनुसार दोनों अपराधी पेशेवर अपराधी हैं और आमजनों को साथ जालसाजी और ठगी का शिकार बनाते हैं। इनके खिलाफ अलीगढ़ में जवां थाने में मुकदमा दर्ज है, इसके साथ ही हाथरस में भी आरोपियों के खिलाफ नामदज मुकदमा दर्ज है।

## जिलाधिकारी की मौजूदगी में क्रॉप कटिंग

बलिया। बलिया में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की निगरानी में सदर तहसील के राजस्व ग्राम पकड़ी में खरीफ फसल धान की क्राफ्ट कटिंग हुई। संबंधित कर्मचारियों ने रैंडमली ऑनलाइन चयनित एक खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत खरीफ फसल धान की कटाई और उससे प्राप्त धान का वजन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# कानपुर में मेट्रो की सिक्योरिटी में विशेष सुरक्षा बल तैनात

कानपुर। कानपुर मेट्रो की सुरक्षा अब विशेष सुरक्षा बल के हवाले कर दी गई है। एडीजी विशेष सुरक्षा बल एलवी एंटनी देव कुमार के आदेश पर कानपुर मेट्रो की सुरक्षा में विशेष सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। यह सुरक्षा बल कानपुर के 9 मेट्रो स्टेशनों, यार्ड और कंट्रोलरूम की सुरक्षा करेगा।विशेष सुरक्षा बल प्रयागराज की देखरेख में कानपुर मेट्रो की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के 260 जवानों को तैनात किया गया है। इन्हें 9 मेट्रो स्टेशन, 1 मेट्रो डिपो, 1 कंट्रोल रूम के सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरक्षा में तैनात जवानों को मेट्रो सुरक्षा से पहले 03 माह का विशेष प्रशिक्षण कराया गया है। इस प्रशिक्षण के दौरान जवानों को हर परिस्थिति में लोहा लेने के लिए तैयार किया गया है। किस तरह से ड्यूटी के दौरान अलर्ट रहना है। किन-किन बिंदुओं पर सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### चालू वित्त वर्ष में बजटीय घाटा अनुमान को हासिल करने की ओर अग्रसर- वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली। सरकार ने खपत में हो रही वृद्धि का हवाला देते हुये आज कहा कि वह चालू वित्त वर्ष में बजटीय घाटा अनुमान को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। वित्त मंत्रालय ने अक्टूबर महीने के लिये आज जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह बात कही है। उसने कहा कि उपभोग में तेजी बनी हुयी है और यह यात्री वाहनों की बिक्री तथा घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि इसका प्रमाण है। उसने कहा कि रियल एस्टेट की बढ़ती कीमतों तथा शेयर बाजार में जारी बने रहने से संपदा के प्रभाव का पता चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई के जरिये होने वाले औसत भुगतान छोटी मात्रा में होने से डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ने का प्रमाण मिल रहा है जो कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर लोगों के मुड़ने का भी संकेतक है। मंत्रालय ने कहा कि डॉलर की तुलन में रुपये में स्थिरता तथा पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार वाह्य स्तर पर भारत के प्रदर्शन को सपोर्ट कर रहा है। इसके साथ ही घरेलू स्तर पर प्रमुख महंगाई के अक्टूबर में 43 महीने के निचले स्तर पर आने से उपभोक्ता मूल्य महंगाई में नरमी आ रही है। इसके अतिरिक्त थोक महंगाई में नरमी से अर्थव्यवस्था में उत्पादन लागत में कमी आ रही है।

### पंजाब में सीबीजी संयंत्र स्थापित करने के लिये गेल (इंडिया) लिमिटेड के साथ समझौता

चंडीगढ़। पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पीईडीए) ने राज्य में 10 संपीड़ित बायोगैस परियोजनाओं और अन्य नयी और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। समझौता ज्ञापन पर पेडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अमरपाल सिंह और गेल (भारत) के कार्यकारी निदेशक (व्यवसाय विकास और ईएंडपी) आर के सिंघल ने सचिव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत डॉ. रवि भगत की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 10 सीबीजी परियोजनाओं की स्थापना के लिये इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिये गेल (इंडिया) लिमिटेड और पेडा को बधाई दी। उन्होंने पेडा से गेल को पूर्ण समर्थन और सहयोग प्रदान करने के लिये भी कहा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि इस समझौते से राज्य को प्रति वर्ष पांच लाख टन धान की पराली का प्रबंधन करने और इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है और इसमें फसल अवशेष आधारित सीबीजी संयंत्रों की अपार संभावनायें हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की व्यापार-अनुकूल नीतियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों को राज्य में अपने उद्योग स्थापित करने में मदद कर रही हैं।

### ग्राहकों से ई-सिम अपनाने का एयरटेल ने किया आग्रह

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल 'एयरटेल' ने अपने सेवा उपभोक्ताओं को ई-सिम का इस्तेमाल करने के लिये प्रोत्साहित किया है। कंपनी की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारती एयरटेल ने ई-सिम अपग्रेड प्रक्रिया को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सुचारु बनाया है ताकि सामान्य सिम से ई-सिम अपनाने में आसानी हो। गौरतलब है कि ई-सिम एक सामान्य सिम कार्ड का एक ऑनलाइन विस्तार है। इससे मोबाइल फोन पर भौतिक रूप से सिम कार्ड एक्सेस की आवश्यकता नहीं रह जाती है। आज के समय में स्मार्ट वियरेबल्स, स्मार्टफोन आदि के ई-सिम एनेबल्ड नये मॉडलों की बढ़ती पहुंच को देखते हुए सामान्य सिम से ई-सिम की ओर बदलवा कई उपकरणों डिवाइसेज के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर सकता है। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल विट्टल ने ग्राहकों के नाम एक पत्र में इस सुविधा को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि ई-सिम उपभोक्ताओं के लिये बहुत उपयोगी सिद्ध हुये हैं। जैसे सुबह की सैर के लिये जाते समय अब एयरटेल ई-सिम उपभोक्ता केवल अपनी स्मार्टवॉच पहन सकते हैं और मोबाइल फोन को अपने साथ ले जाने के बिना उससे कनेक्ट हो सकते हैं।

### माइक्रोसॉफ्ट ने आउटलुक लाइट का किया विस्तार

नयी दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट ने आउटलुक लाइट में स्थानीय भाषा से जुड़े नए फीचरों के साथ इसके विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आउटलुक लाइट भारतीय यूजरों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया ईमेल और एसएमएस एप है, जिससे उन्हें ईमेल एवं एसएमएस को एक ही जगह पर मैनेज करने का विकल्प मिलता है। आउटलुक लाइट के माध्यम से एक छोटे एप में माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक के सभी महत्वपूर्ण फीचर दिए गए हैं। इससे किसी भी नेटवर्क पर छोटे डिवाइस पर फास्ट परफॉर्मेंस सुनिश्चित होती है। छोटा एप होने के साथ-साथ आउटलुक लाइट को उभरते मार्केट यूजर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए आउटलुक लाइट में दो नए फीचर जोड़े गए हैं। अब आउटलुक लाइट में यूजर को स्थानीय भारतीय भाषाओं और एसएमएस का सपोर्ट भी दिया गया है, जिससे भारतीय यूजर्स ज्यादा प्रभावी तरीके से संवाद करने में सक्षम होंगे। आउटलुक लाइट में वॉइस टाइपिंग, ट्रांसलिटरेशन और ईमेल को स्थानीय भाषाओं में पढ़ने जैसे कई फीचर दिए गए हैं, जो इसे भारतीय यूजर की जरूरतों के हिसाब से ज्यादा समावेशी और कारगर बनाते हैं।

### सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर का उत्पादन शुरु

नयी दिल्ली। आईआईटी इनक्युबेटेड स्टार्टअप मोसेटा इंडिया ने सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर के उत्पादन की शुरुआत करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह मुख्यत घर और उद्योगों की मशीनों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस इन्वर्टर का सभी पार्ट्स भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि इसके उपयोग से हमें न केवल प्रदूषण कारक इनर्जी की कमी होगी, बल्कि यह देश की आर्थिक व्यावस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इस हाइब्रिड इन्वर्टर में सोलर पैनल से ऊर्जा को उठाकर उसे लिथियम बैटरी में संचित किया जाता है जो अंदर ही फिक्स की गई है। फिर यह संचित ऊर्जा उसी इन्वर्टर के माध्यम से घर में उपयोग के लिए रिलीज की जाती है। इसके अलावा, यह इन्वर्टर कम ऊर्जा खपत करने के साथ-साथ शहरी बिजली की आवश्यकता को कम करेगा। जिससे बिजली के बिल में भी कमी आयेगी। सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर इस्तेमाल करने से हमें ड्रामेटिकली ऊर्जा बचत की संभावना होती है और हम स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल करके पर्यावरण को भी स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। इसके साथ ही, यह उत्पाद भी स्थानीय व्यापारीयों और कर्मचारियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा।

### व्यापार मेले में दिखी ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर

नयी दिल्ली। सांस्कृतिक रूप से सबसे समृद्ध राज्यों में से एक ओडिशा की स्थापना के प्रतीक ओडिशा राज्य दिवस का उत्सव राजधानी में चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के 42वें संस्करण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक मंडलियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। ओडिशा राज्य दिवस के समारोह की शुरुआत ओडिशा सरकार के पंचायती राज और पेयजल, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, सूचना और जनसंपर्क के मंत्री प्रदीप कुमार अमात द्वारा की गई। इस अवसर पर ओडिशा पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लेनिन मोहंती और उत्कल प्रसंग और ओडिशा समीक्षा की संपादक श्रीमती कस्तूरी महापात्र भी उपस्थित थीं। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में, ओडिशा पवेलियन में राज्य के विभिन्न अद्वितीय उत्पादों के प्रदर्शन के माध्यम से ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया। कुछ स्टॉल्स पर ओडिशा के सबसे प्रामाणिक लोकप्रिय व्यंजन भी उपलब्ध रहे। अमात ने कहा उत्सव की भव्यता ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है और देश के विभिन्न हिस्सों से इतने सारे लोगों की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी भव्य बना दिया है।

## आगामी शादी सीजन में 38 लाख शादियां होगी और 4.74 लाख करोड़ के कारोबार

नयी दिल्ली। दिवाली त्योहारी सीज़न में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री के बाद 23 नवंबर से शुरू हो रहे शादी के सीज़न में देश में लगभग 38 लाख शादियाँ होंगी जिनके ज़रिए रिटेल व्यापार में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर लगभग 4.74 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है।

देश का व्यापारिक समुदाय देश में 23 नवंबर से शुरू होने वाले आगामी शादी के सीज़न में उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पिछले साल इसी अवधि में लगभग 32 लाख शादियाँ हुईं और 3.75 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान लगाया गया था। शादियों का सीजन देवउठान एकादशी 23 नवंबर से शुरू हो रहा है, जो 15 दिसंबर तक चलेगा एवं सितारों की गणना के अनुसार नवंबर में शादी की तारीखें 23,24,27,28,29 हैं, जबकि दिसंबर के महीने में विवाह की तारीखें 3,4,7,8,9 और 15 हैं जो विवाह के लिए शुभ दिन हैं। उसके बाद, तारा एक महीने के लिए मध्य जनवरी तक डूब जाएगा और फिर जनवरी के मध्य से शुभ दिन शुरू हो जाएंगे और शादी के मौसम का अगला चरण जुलाई, 2023 तक जारी रहेगा।

कनफ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा विभिन्न राज्यों के 30 विभिन्न शहरों, जिन्हें प्रमुख वितरण केंद्र के रूप में जाना जाता है, के प्रमुख व्यापारी संगठनों तथा वस्तुओं और सेवाओं दोनों में विभिन्न हितधारकों से बात करने के बाद यह अनुमान लगाया गया है कि देश भर में शादियों के इस सीजन में लगभग 38 लाख शादियां होने की संभावना है तथा लोगों द्वारा शादी की खरीदारी और शादी हेतु विभिन्न सेवाएं प्राप्त करने के माध्यम से लगभग 4.74 लाख करोड़ रुपये का बड़ा व्यापार होने का अनुमान है।



कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने आज यहां कहा कि अकेले दिल्ली में इस सीज़न में 4 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। कैट के अनुमान के आधार पर भरतिया ने कहा कि इस सीजन के दौरान लगभग 7 लाख शादियाँ 3 लाख रुपये के खर्च के , 8 लाख शादियाँ 6 लाख रुपये के खर्च , 10 लाख शादियाँ 10 लाख रुपये के खर्च, 7 लाख शादियां 15 लाख रुपये के खर्च,, 5 लाख शादियाँ 25 लाख रुपये के खर्च,50 हजार शादियाँ 50 लाख के खर्च एवं 50 हज़ार शादियाँ 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक के खर्च के साथ होने की उम्मीद है। भरतिया ने बताया कि एक विवाह में आम तौर पर 50प्रतिशत व्यय सामान की खरीद पर और 50प्रतिशत सेवाओं की खरीद पर किया जाता है। एक नज़र में, माल क्षेत्र में व्यापार का अनुमानित प्रतिशत कपड़ा, साड़ी, लहंगा और गारमेंट्स में 10प्रतिशत, आभूषण में 15प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स और उपभोक्ता वस्तुओं में 5प्रतिशत, ड्राई फ्रूट, फलों मिठाई और नमकीन में 5प्रतिशत, खाद्यान्न, किराना और सब्जियों में 5प्रतिशत, उपहार वस्तुओं में 4प्रतिशत और बाकी 6प्रतिशत अन्य विविध वस्तुओं में व्यापार की संभावना है। जहां तक सेवा क्षेत्र का सवाल है, अनुमान के अनुसार मेबैंक्वेट हॉल, होटल और अन्य विवाह स्थलों पर 5प्रतिशत, इवेंट मैनेजमेंट पर 5प्रतिशत, टेंट सजावट पर 12प्रतिशत, खानपान सेवाओं पर 10प्रतिशत, फूलों की सजावट पर 4प्रतिशत, 3प्रतिशत ट्रैवल एवं कैब सेवाओं पर, फोटो और वीडियो शूट पर 2प्रतिशत, ऑर्केस्ट्रा, बैंड आदि पर 3प्रतिशत, लाइट और साउंड पर 3प्रतिशत और अन्य विविध सेवाओं पर शेष 3प्रतिशत के खर्च के ज़रिए व्यापार का आँकड़ा माना गया है। उन्होंने कहा कि शादी के सीज़न के बाद, क्रिसमस और नए साल की बिक्री होगी और इसके बाद 14 जनवरी, संक्रांति के दिन से शादी के सीज़न का एक और चरण शुरू होगा।

## रिलायंस प बंगाल में और 20 हजार करोड़ रुपये का करेगी निवेश : मुकेश अंबानी

**कोलकाता।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में खुदरा कारोबार ,दूरसंचार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपये के नये निवेश की योजना की मंगलवार को घोषणा की।

कोलकाता में चल रहे सातवें बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में श्री अंबानी ने कहा, रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अगले तीन वर्षों में हम 20 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे।

उन्होंने बताया कि 20 हजार करोड़ का यह निवेश दूरसंचार, खुदरा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम 5जी को राज्य के हर कोने तक ले जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण बंगाल को जोड़ा जा रहा है। बंगाल के अधिकांश हिस्सों को हमने 'कवर' कर लिया है। जियो का नेटवर्क राज्य में



98.8 प्रतिशत और कोलकाता टेलीकॉम सर्कल में 100 फीसदी जनसंख्या को 'कवर' करता है। जियो का मजबूत नेटवर्क पश्चिम बंगाल में रोजगार सृजन के साथ बड़े पैमाने पर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि को बढ़ावा देगा।

रिलायंस के अध्यक्ष ने कहा कि रिलायंस खुदरा अगले दो वर्षों में पश्चिम बंगाल में करीब 200 नये स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। अभी रिलायंस के करीब 1000 स्टोर पश्चिम बंगाल में काम कर रहे हैं, जो बढ़कर 1200 हो जायेंगे।

अंबानी ने कहा कि हमारे खुदरा कारोबार से बंगाल के सैकड़ों छोटे और मझोले व्यवसायी तथा करीब 5.5 लाख किराना दुकानदार जुड़े हैं। नये स्टोर खुलने से उनको फायदा होगा। प्रभुजी, मुखरोचक, सिटी गोल्ड, बिस्क फार्म जैसे बंगाल के कई क्षेत्रीय ब्रांड्स का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि रिलायंस खुदरा के जरिये हम इन ब्रांड को पूरे देश में ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी स्वच्छ ऊर्जा उत्पादक, रिलायंस अगले तीन वर्षों में 100 कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगी। इन संयंत्रों में 55 लाख टन कृषि अवशेष और जैविक कचरे की खपत होगी। इससे करीब 20 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी और सालाना 25 लाख टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा, हम किसानों को बड़े स्तर पर ऊर्जा बागान लगाने में मदद करेंगे, जिससे वे अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बन सकेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी।

अंबानी ने इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा पश्चिम बंगाल में किये जा रहे कामों का भी जिक्र किया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कोलकाता के प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर का नवीनीकरण और पुनर्उद्धार हैं। सदियों पुराने इस मंदिर की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम रिलायंस फाउंडेशन कर रहा है। फाउंडेशन की 'स्वदेश' पहल के तहत भारत की समृद्ध और विविध पारंपरिक कला और शिल्प को भारत और विश्व स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। बंगाल में शिल्पकारों की युवा पीढ़ी के लिये रिलायंस फाउंडेशन राज्य सरकार के सहयोग से प्रशिक्षण संस्थान बनायेगी। साथ ही बुनकरों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों के उत्पाद को फाउंडेशन, रिलायंस के रिटेल चैनलों पर बेचेगा। इसके लिये 'बिस्वा बांग्ला कॉर्पोरेशन' के साथ एक समझौता किया गया है।

## फ्लेयर राइटिंग का आईपीओ आज खुलेगा

**अहमदाबाद।** फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलेगा।

कंपनी की ओर से मंगलवार को यहां जारी बयान के अनुसार देश की प्रख्यात पेन एवं स्टेशनरी उत्पाद निर्माता कंपनी की योजना पांच रुपये अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के माध्यम से कुल मिलाकर 5,930.00 रुपये मिलियन [593 करोड़ रुपये] तक जुटाने की है। इस ऑफर में 2,920.00 मिलियन [292 करोड़ रुपये] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 3,010.00 मिलियन [301 करोड़ रुपये] तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख 21 नवंबर मंगलवार थी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए 22 नवंबर बुधवार को खुलेगा और 24 नवंबर शुक्रवार को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 288 से 304 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 49 इक्विटी शेयर और उसके बाद 49 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। कंपनी ने बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से 10 नवंबर को कुल 730.00 मिलियन रुपये [73 करोड़ रुपये] के नकद प्रतिफल के लिए 304.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (299.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,401,315 इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया है। कंपनी नए इश्यू से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग अग्रलिखित कार्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है। (ए) जिला वलसाड, कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों में से एक, , कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों, (डी) कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों एफडब्ल्यूईपीएल और एफसीआईपीएल द्वारा लिए गए कुछ उधारों का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान- 430.00 मिलियन रुपये [ 43 करोड़ रुपये] तक अनुमानित और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए किया जाएगा।

## बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।** विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, कमोडिटीज और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 275.62 अंक अर्थात 0.42 प्रतिशत उछलकर 65930.77 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.40 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 19783.40 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 33,407.33 अंक और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत उठकर 39,829.60 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3854 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2018 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाभ और शेष 20 नुकसान में रही।

बीएसई के 12 के समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.77, सीडी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 0.59, ऑटो 0.42, बैंकिंग 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.34, धातु 0.13, पावर 0.02, रियल्टी 1.15, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.17 प्रतिशत लाभ में रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56, जापान का निक्केई 0.10, हांगकांग का हैंगसेंग 0.25 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत फिसल गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.09 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की तेजी लेकर 65,860.46 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,849.17 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 66,082.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## आसियान चाहता है कि भारत आरसीईपी में शामिल हो

जकार्ता। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देशों ने इच्छा जतायी है कि भारत को क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) में शामिल होना चाहिये।

आसियान के सदस्य देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

इंडोनेशिया के दौरे पर आये भारतीय मीडिया के प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुये आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न ने कहा कि समावेशी, खुले और नियम-आधारित व्यापार समझौते से सभी भागीदारों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आरसीईपी में शामिल होने से भारत और अन्य देशों को लाभ होगा, क्योंकि इससे अधिक बाजार उपलब्ध होगी तथा यह व्यापार सौदे पारस्परिक हैं।

भारत 2019 में चीन के नेतृत्व वाले आरसीईपी से यह कहते हुये बाहर हो गया था कि यह निर्णय स्थानीय उद्योग और राष्ट्र के हित में लिया गया था। उस समय एक आधिकारिक बयान में



कहा गया था कि समझौते की संरचना भारत की चिंताओं का समाधान नहीं करती है।

उल्लेखनीय है कि आरसीईपी आसियान सदस्य देशों और पांच अन्य देशों ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में से एक है, जिसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी और इसमें दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी शामिल है।

भारत और आसियान के सदस्य देशों के बीच बेहतर हवाई संपर्क की आवश्यकता पर जोर देते हुये, डॉ. काओ ने उदार विमानन समझौते का आह्वान किया, जो दोनों पक्षों के बीच सीधी उड़ानों की सुविधा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद पर्यटन क्षेत्र में सुधार हुआ है और उन्होंने लोकप्रिय इंडोनेशियाई गंतव्य बाली में भारतीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि का इस मौके पर उदाहरण दिया।

आसियान महासचिव ने कहा कि भारत और आसियान विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं और अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाना चाहिये। उन्होंने बताया कि भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा चल रही है। उन्होंने दोनों पक्षों की जनसंख्या के आकार पर प्रकाश डालते हुये भारत और आसियान के बीच विशाल व्यापार और निवेश की संभावनाओं का उल्लेख किया। विशाल बाजार आकार का सुझाव देते हुये उन्होंने कहा कि जहां भारत में 1.4 अरब लोग हैं। वहीं आसियान क्षेत्र 68 करोड़ लोगों का घर है।

अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत और आसियान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.5 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2013 में आसियान के साथ व्यापार भारत के वैश्विक व्यापार का 11.3 फीसदी था।

आसियान महासचिव ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्थिरता और ऊर्जा क्षेत्र जैसे सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा, हमारे और भारत के बीच साझेदारी से हमें लाभ होगा। फिलहाल, हमारे और भारत के बीच सहयोग के कई तंत्र हैं। इस साल सितंबर में आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जकार्ता यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि समूह भारत के साथ अपनी साझेदारी को उच्च महत्व देता है। उन्होंने कहा कि तथ्य यह है कि उच्च स्तर पर दोनों पक्षों के नेता अक्सर मिल पाते हैं।

## तीन सौ करोड़ टन माल ढुलाई की क्षमता हासिल करेगी भारतीय रेल

बादामपहाड़ (ओडिशा)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रेलवे देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन यानी 50 खरब डॉलर के ऊपर पहुंचने के साथ ही दोगुनी माल ढुलाई की जरूरत के हिसाब से पटरियों की क्षमता विकसित कर रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के गृह क्षेत्र ओडिशा के आदिवासी बहुल मयूरभंज जिले में अतिपिछड़े कस्बे बादामपहाड़ से तीन रेल सेवाओं की शुरुआत के मौके पर आए देश के रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि भारतीय रेलवे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के मुताबिक जहां एक ओर अति पिछड़े, आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी के विकास के लिए तेजी से काम कर रहा है वहीं प्राकृतिक खनिज संसाधनों और अन्य माल के परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय




अर्थव्यवस्था इस समय करीब चार ट्रिलियन यानी 40 खरब डॉलर होने वाली है और बहुत जल्दी यह 50 खरब डॉलर की हो जाएगी। इस समय देश में माल परिवहन 400 करोड़ टन का है जो 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने पर दोगुना होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि भारत में एक हज़ार करोड़ टन माल परिवहन की क्षमता विकसित करने के लिए बहुआयामी प्रयास चल रहे हैं और रेलवे 300 करोड़ टन की क्षमता हासिल करने के मिशन पर काम कर रही है।

मालवहन गलियारों की भूमिका के बारे में पूछने पर श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे को अनेक मालवहन गलियारों की जरूरत है जो रेलवे की लाइनों के एकीकृत रहें, ना कि पृथक मार्ग ताकि उनका अधिकतम उपयोग संभव हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को चार लेन, छह लेन हाईवे दिये, उसी तरह से श्री मोदी देश में इकहरी रेलवे लाइनों को दोहरीकृत करने और दोहरी लाइनों पर तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का इरादा रखते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इसलिए भी रेल परिवहन को विस्तार देने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि इससे भारत विदेशों से अधिक डीजल खरीदने से बच सकेगा। रेल नेटवर्क के विद्युतीकरण से मालवहन सस्ता होगा और पर्यावरण संरक्षण भी हो सकेगा।

रेल मंत्री ने बादामपहाड़ से क्योंझर, बांगरीपोसी से गोरुमोहिसाणी और बूढ़ामरा से चकुलिया तक तीन नयी लाइनें बिछाने की जानकारी देते हुए कहा कि इन तीन लाइनों से आदिवासी पिछड़े क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी।

इन नयी लाइनों पर करीब चार से पांच हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और इससे टाटानगर से ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश के बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी आसान होगी। उन्होंने कहा कि इन लाइनों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करके नीति आयोग के विचार के लिए भेजी गई है। इसके बाद रिपोर्ट कैबिनेट में मंजूरी के लिए पेश की जाएगी।

## हुंडई की विकलांगों के लिए समर्थ पहल

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आज भारत में विकलांग लोगों की जागरूकता और सक्षमता के लिए समर्थ पहल शुरू की। यह पहल हुंडई की मानवता के लिए प्रगति की वैश्विक दृष्टि के अनुरूप है जिसका उद्देश्य गतिशीलता की शक्ति के माध्यम से एक समावेशी, प्रगतिशील दुनिया को सक्षम बनाना है। इस पहल के माध्यम से, हुंडई का लक्ष्य भारत में विकलांग लोगों के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील समाज बनाने में मदद करना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ उन सू किम ने कंपनी के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता शाहरूख खान के साथ इस पहल की शुरूआत करने की घोषणा करते हुये कहा कि भारत में 2.68 करोड़ से अधिक दिव्यांग लोगों के साथ, हुंडई ने दिव्यांगों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता को समझा। समर्थ के लॉन्च के साथ, हुंडई मोटर इंडिया बड़े पैमाने पर समावेशी गतिशीलता परियोजना शुरू करने वाली भारत की पहली ऑटोमोबाइल कंपनी है। हुंडई एक जन आंदोलन बनाने के लिए एनजीओ और मीडिया नेटवर्क के साथ साझेदारी करेगी, साथ ही हुंडई डीलरशिप और नेटवर्क को और अधिक समावेशी बनाने के लिए संरेखित करेगी। प्रौद्योगिकी, साझेदारी, उत्पाद नवाचार और कहानी कहने के साथ, समर्थ का लक्ष्य दुनिया को सभी के लिए समान अवसर में बदलना है। किम ने कहा, हम सिर्फ कारें नहीं बनाते हैं, बल्कि भारत को सशक्त बनाने में भी विश्वास करते हैं, और भारत को सशक्त बनाने के लिए, हम स्तंभों के तहत सामाजिक पहल करते हैं जो हुंडई के जारी रखें और मानवता के लिए प्रगति के प्रचार-प्रसार के वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। समर्थ इसी विश्वास की अभिव्यक्ति है। हमें समर्थ पहल की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो भारत में दिव्यांगों के प्रति अधिक जागरूक और समावेशी समाज बनाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य दिव्यांगों के लिए एक अधिक न्यायसंगत और संवेदनशील समाज का निर्माण करना है और हम चाहते हैं कि वे अपनी वास्तविक क्षमताओं को देखें।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 22 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सुदेवा ने तरुण संघा को रौंदा

नयी दिल्ली । सुदेवा दिल्ली एफसी ने तरुण संघा को आज दूसरी डीएसए प्रीमियर लीग के एक तरफा मुकाबले में 7–1 से हरा कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को बंसल के दो गोलों से 2– 0 से परास्त किया। सुदेवा को खाता खोलने में समय लगा लेकिन 25 वें मिनट में रमेश छेत्री के गोल के बाद गोलों की बौछार शुरू हो गई। जाजो और रुस्तम सिंह ने दो–दो अरमान अहमद एवम फ्रेडी ने एक एक गोल कर तरुण सांघा को अदना साबित कर दिया। पराजित टीम का एकमात्र गोल बोनिसन ने किया। रॉयल रेंजर्स और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मैच अधिकांश समय नीरस रहा। दोनों टीमों ने रफ टफ खेल के जरिए दबाव बनाने का प्रयास जरूर किया लेकिन गोल नहीं निकल पाया। अंततः बारान्यु बंसल ने दो शानदार गोल जमा कर रफ टफ मैच में जान डाली। बंसल ने फ्रेंड्स के रक्षकों को चकमा देते हुए पहला गोल किया। तत्पश्चात दाएं छोर के क्रॉस पर बंसल ने अवसरवादिता दिखाई और सुंदर गोल दाग कर मैंन आफ द मैच का सम्मान पाया। बुधवार 22 नवंबर को भारतीय वायुसेना का मुकाबला रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब से होगा।

### शंघाई,सिंगापुर और इंचियोन 2024 तैराकी विश्वकप की करेंगे मेजबानी

लॉजेन। चीन का शंघाई, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया का इंचियोन संयुक्त रूप से 2024 में तैराकी विश्वकप की मेजबानी करेंगे। वर्ल्ड एक्वेटिक्स के अध्यक्ष हुसैन अल मुसल्लम ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि 28–20 अक्टूबर को तीन प्रतियोगिताएं शंघाई में, 24–26 अक्टूबर को इंचियोन और 31 अक्टूबर दो नवंबर को सिंगापुर में विश्व एक्वेटिक्स तैराकी चैंपियनशिप 2024 (25 मीटर) बुडापेस्ट के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के रूप में भी काम करेंगी। शंघाई इससे पहले 2006 में विश्व तैराकी चैंपियनशिप (25 मीटर) और 2011 में विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की है। सिंगापुर भी नियमित तैराकी विश्वकप श्रृंखला का मेजबान रहा है, जबकि इंचियोन पहली बार विश्व तैराकी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस अवसर पर वर्ल्ड एक्वेटिक्स के अध्यक्ष हुसैन अल मुसल्लम ने कहा, हमारे विश्वकप के साथ, हम हमेशा अपने खेल आयोजनों को नए शहरों में लाने के साथ–साथ अनुभवी मेजबानों की सही संख्या की तलाश में रहते हैं। जबकि इंचियोन पहली बार विश्व एक्वेटिक्स मेजबान है दक्षिण कोरिया ने प्रमुख खेल आयोजनों में शीर्ष अनुभव प्रदान करने में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

### रक्षिथ दवे करेंगे एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व

गुरूग्राम। चेन्नई के 15 वर्षीय रक्षिथ श्रीहरी दवे प्रतिष्ठित आईडेमिट्सु एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह घोषणा की। रक्षिथ दवे ने एशिया–ओशिनिया के विभिन्न देशों के 10 अन्य राइडरों के साथ एशिया टैलेंट कप 2024 में अपनी जगह बनाई है। प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताईपे, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलैण्ड और वियतनाम के 20 फुल टाईम राइडर हिस्सा लेंगे। दवे को सबसे पहले 2018 में बहुत कम उम्र में आईडेमिट्सु इंडिया टैलेंट हंट प्रोग्राम में पहचाना गया और होण्डा रेसिंग एकेडमी के तहत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने सीबीआर150आर कैटेगरी में 2019 में अपना पेशेवर रेसिंग करियर शुरू किया और 2020 एवं 2021 में क्रमशः सैकण्ड रनर–अप एवं फर्स्ट रनर–अप रहे। 2022 सीज़न में उन्हें एनएसएफ250आर कैटेगरी में अपग्रेड कर दिया गया। इस साल भी उन्होंने होण्डा एनएसएफ250आर कैटेगरी में फर्स्ट रनर–अप पॉज़िशन हासिल की है। रक्षिथ दवे ने कहा मैं बेहद खुश हूं कि आज मेरा सपना साकार हो गया है। यह शानदार मंच होगा, जो मुझे मोटरस्पोर्ट्स करियर में नए अनुभव पाने और नए सबक सीखने का मौका देगा। इस समय मैं अपने प्रशिक्षकों के साथ अपने कौशल बढ़ाने पर ध्यान दे रहा हूं।

### दो दिसंबर से शुरु होगी प्रो कबड्डी लीग

मुंबई। दो दिसंबर से शुरु होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक सीज़न के आगमन की शुरुआत करने के लिए 'इंडिया की हर सांस में कबड्डी' नामक अभियान शुरु किया है। अभियान में बॉलीवुड, टॉलीवुड और सैंडलवुड के सितारों की तिकड़ी दिखाई गई है। ब्रॉडकास्टर ने एक आकर्षक पीरियड ड्रामा प्रोमो बनाया है, जिसमें प्रत्येक सुपरस्टार 'सांसों की लड़ाई' को जीतने की तलाश में अपनों का मार्गदर्शन कर रहा है। लीग के सीज़न 10 पर दक्षिण सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने कहा, कबड्डी में शक्ति, साहस, दृढ़ संकल्प और जुनून का मिश्रण मेरे साथ गहराई से जुड़ता है। जैसा कि हम प्रो कबड्डी के 10वें सीज़न के लिए तैयार हैं, मैं इस एड्रेनालाईन–ईंधन वाली यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। पीकेएल, अपनी कच्ची ऊर्जा के साथ, हमारे राष्ट्र की भावना को प्रतिबिंबित करता है, ऐसे एथलीटों के साथ जो सांसों की लड़ाई में अपना सब कुछ दांव पर लगा देंगे। टॉलीवुड सुपरस्टार नंदामुरी बालकृष्ण ने कहा, कबड्डी हर भारतीय के दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और प्रो कबड्डी लीग सीज़न 10 के लिए इस सिनेमाई यात्रा का हिस्सा बनना विशेष है।

### फीफा विश्वकप क्वालीफायर में भिड़ेगे ब्राजील–अर्जेंटीना

रियो डी जनेरियो। पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील बुधवार को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर फुटबॉल मुकाबले में अर्जेंटीना से भिड़ेगा। माराकाना स्टेडियम में कल यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। ब्राजील और अर्जेंटीना प्रतियोगिता में एक–एक हार के बाद मुकाबले में भिड़ेंगे। ब्राजील को कोलंबिया ने 2–1 से हराया जबकि अर्जेंटीना को उरुग्वे ने 2–0 से हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में अर्जेंटीना 12 अंकों (चार जीत, एक हार) के साथ शीर्ष स्थान पर है। उरुग्वे 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि ब्राजील फुटबॉल टीम इतने ही मैचों में सात अंक (दो जीत, दो हार, एक ड्रॉ) के साथ पांचवें स्थान पर संघर्ष कर रही है। ब्राजील को अपने स्टार खिलाड़ियों की चोटों को लेकर चिंताएं है। मेजबान टीम नेमार, कासेमिरो और विनीसियस जूनियर के बिना प्रतियोगिता में है। ऐसा माना जा रहा है लियोनेल मेसी उरुग्वे से 2–0 की हार के बाद अर्जेंटीना के अभियान को वापस पटरी पर लाने की प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछली बार दो फुटबॉल टीमें नवंबर 2021 में फीफा विश्व कप 2022 क्वालीफाइंग अभियान में मैदान में उतरी थीं। मैच को पांच मिनट के बाद कोविड–19 खतरे के कारण निलंबित कर दिया गया था।

### आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर की शुरुआत में रुतुजा को किया गया सम्मानित



बेंगलुरु। बॉरिंग इंस्टीट्यूट ने आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर के मंगलवार को शुरुआत कार्यक्रम में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता रुतुजा भोसले को सम्मानित किया गया। आज यहां आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों और अधिकारियों ने हवा में गुब्बारे उड़ाकर टेनिस कोर्ट में आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर शुरुआत की। इस अवसर एशियाई खेलों की टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली रुतुजा भोसले को ऐतिहासिक क्लब द्वारा सम्मानित किया गया, जबकि केएसएलटीए ने चैंपियन को चार साल में होने वाले खेलों में उनकी शानदार उपलब्धि के लिए एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस दौरान श्रीवल्ली रश्मिका भामीपति और हुमेरा बहार्मस के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच का औपचारिक टॉस किया।

# साढ़े 12 लाख से अधिक दर्शकों ने स्टेडियम जाकर देखे विश्वकप के मुकाबले



**कोलकाता।** भारत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा आयोजित किये गये पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के मुकाबलों का रिकार्ड 12 लाख 50 हजार 307 दर्शकों ने स्टेडियम जाकर लुफ्त उठाया।

आईसीसी विश्वकप 2023 का खिताब इस बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता। विश्वकप की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छह मैच पहले दर्शकों की संख्या पहले ही दस लाख का आंकड़ा पार कर चुकी थी, रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने विश्व कप के समापन के समय इसमें और वृद्धि देखी गई।

विश्वकप का आयोजन पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक चला और पुरुष क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच के लिए सबसे दर्शकों ने बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचकर उपस्थिति दर्ज की गई। जब यह मुकाबला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था, उसके बाद आईसीसी विश्व कप के इतिहास में 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मुकाबले में सबसे ज्यादा दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। 1.25 मिलियन से अधिक प्रशंसकों का आंकड़ा क्रिकेट के इतिहास में एक नया मानदंड है, जो किसी भी अन्य आईसीसी आयोजन की उपस्थिति के आंकड़े से कहीं अधिक है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 में 10 लाख 16 हजार 420 दर्शक आए थे, जबकि इंग्लैंड और वेल्स में 2019 संस्करण में सात लाख 52 हजार दर्शन स्टेडियम पहुंचे थे। भारत में आयोजित पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण ने इन आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है और साथ ही कई प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जो खेल की वैश्विक पहुंच और लगातार बढ़ती लोकप्रियता को साबित करता है।

आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 एक बड़ी सफलता रही है, जिसने खेल के सर्वोत्तम पहलुओं को प्रदर्शित किया और दुनिया भर के करोड़ों प्रशंसकों के दिलों पर कब्जा कर लिया। चौंका देने वाली उपस्थिति दर्शाती है क्रिकेट की स्थायी अपील और एकदिवसीय प्रारूप का रोमांच लगातार जारी है। यह एक ऐसा आयोजन रहा है जिसने न केवल मनोरंजन किया है बल्कि खेल के जश्न में विश्व स्तर पर क्रिकेट प्रशंसकों को एकजुट भी किया है।

टेटली ने कहा, आईसीसी कार्यक्रम हमारे खेल को आगे बढ़ाने और दुनिया भर के प्रशंसकों और खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम उन सभी प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को इतनी शानदार सफलता बनाने में योगदान दिया और हम भविष्य के आईसीसी आयोजनों में सभी के साथ और अधिक रोमांचक अनुभव साझा करने के लिए तत्पर हैं।

## गुल तेज गेंदबाजी और अजमल स्पिन कोच बनाये गये

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए उमर गुल को तेज गेंदबाजी और सईद अजमल को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गुल पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कोचिंग की भूमिका से जुड़े रहे हैं।

गुल ने पाकिस्तान के लिए 47 टेस्ट (34.06 की औसत से 163 विकेट), 130 वनडे (29.34 की औसत से 179 रन) और 60 टी20आई (16.97 की औसत से 85 विकेट) खेले हैं। वह पीएसएल 2021 में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के कोच रहे और वह वर्ष 2022 में अफगानिस्तान के भी गेंदबाजी कोच थे।

वह अफगानिस्तान के खिलाफ हुई तीन मैच की टी–20 सीरीज में पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच रहे है इसके अलावा इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिफाल घरेलु हुई सीरीज में भी गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई थी। गुल ने कहा, मैं पाकिस्तान का तेज गेंदबाजी कोच बनकर खुश हूं और गर्व महसूस कर रहा हूं। मेरे पास पुरुष टीम के साथ काम करने का पिछला अनुभव भी है। मैं अपने अनुभव से पाकिस्तान की गेंदबाज़ी को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा।

अजमल पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड के गेंदबाज़ी कोच रह चुके हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए 35 टेस्ट (28.10 की औसत से 178 विकेट), 184 वनडे (22.72 की औसत से 184 विकेट) और 64 टी–20 (17.83 की औसत से 85 विकेट) खेले हैं। उन्होंने 447 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने के बाद 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

उन्होंने कहा, मैं पाकिस्तान की स्पिन गेंदबाज़ी में सुधार के लिए उत्साहित हूं। मुझे विश्वास है कि मेरा करियर और कोचिंग अनुभव स्पिन गेंदबाजी को सुधारने में मदद करेगा।

## मियामी 2024 कोपा अमेरिका फाइनल की करेगा मेजबानी

अटलांटा। 2024 कोपा अमेरिका का फाइनल मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि दुनिया के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में दक्षिण अमेरिका की 10 सामान्य टीमों के अलावा उत्तरी और मध्य अमेरिका और कैरेबियन की छह टीमें भी इसमें शामिल होंगी। प्रतियोगिता 20 जून 2024 को अटलांटा के 71 हजार क्षमता वाले मर्सिडीज–बेंज स्टेडियम में शुरू होगी और 14 जुलाई को मियामी गार्डन्स के 65 हजार सीटों वाले हार्ड रॉक स्टेडियम में इसका फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। टूर्नामेंट के कार्यक्रम और अन्य मेजबान स्थानों की जानकारी नहीं दी गई। यह दूसरी बार होगा जब 2024 कोपा अमेरिका का आयोजन दक्षिण अमेरिका के बाहर आयोजित किया जा रहा है।

## आईओसी ने जीती सीनियर महिला अंतर–विभागीय चैम्पियनशिप



नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने मंगलवार को एक रोमांचक मैच में गत चैंपियन रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को 4–4 (3–2) से हराकर तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर–विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 जीत ली।

आईओसी ने चौथे क्वार्टर के अंत तक 4–4 से बराबरी हासिल कर ली, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट करना पड़ा जिससे उन्होंने 3–2 से जीत हासिल की।

कप्तान वंदना कटारिया ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के लिए 12वे मिनट में गोल दागा जिसके तुरंत बाद मारियाना कुजूर (15%) ने बढ़त को 2–0 कर दिया। मैच के 28वें मिनट में आईओसी की शर्मिला देवी ने गोल कर अंतर को पाटने की कोशिश की लेकिन बोर्ड की संगीता कुमारी ने 33वें मिनट पर गोल कर तीसरे क्वार्टर के अंत में तक स्कोर को 3–1 कर दिया। आईओसी के लिए ज्योति ने 49 मिनट पर गोल कर टीम के लिये जीत के दरवाजे खोलने का प्रयास किया लेकिन वंदना कटारिया ने 49वें मिनट में एक अच्छा फील्ड गोल कर स्कोर को 4–2 कर दिया। आखिरी के पांच मिनट में दीपिका (55%) और ज्योति (59%) ने गोल कर स्कोरलाइन 4–4 कर दिया और मैच पेनल्टी शूट–आउट में चला गया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के लिए दीपिका, बलजीत कौर और ज्योति ने गोल किए, जबकि बिचू देवी खारीबाम गोलपोस्ट पर खड़ी रहीं और आईओसी ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को हराकर टूर्नामेंट जीता। इस बीच तीसरे/चौथे स्थान के मैच में भारतीय खेल प्राधिकरण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सशस्त्र सीमा बल को 3–1 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। कविता (15%) ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल करके भारतीय खेल प्राधिकरण के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में लालरिंदिकी (35%, 41%) के दो फील्ड गोल ने बढ़त को 3–0 तक बढ़ा दिया। सशस्त्र सीमा बल के लिए कप्तान रजनी बाला (43%) ने गोल किया और मैच 3–1 स्कोर के साथ समाप्त हुआ।

# अरब देशों के विदेश मंत्री भारत आएंगे

## दौरा इसी हफ्ते मुमकिन, इजराइल और हमास जंग के अलावा पश्चिम एशिया पर चर्चा होगी

नई दिल्ली/रियाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, इजराइल और हमास के बीच जारी जंग के बीच अरब इस्लामिक देशों के विदेश मंत्री भारत दौरे पर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। इस दौरान पश्चिम एशिया के हालात के अलावा इजराइल और हमास की जंग पर चर्चा होगी।

डेलिगेशन को सऊदी अरब के फॉरेन मिनिस्टर प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद लीड करेंगे। माना जा रहा है कि यह दौरा इसी हफ्ते के आखिर में हो सकता है। कुछ दिन पहले इसी दल ने चीन का दौरा भी किया था।

### विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात होगी

भारत दौरे पर आ रहे डेलिगेशन में सऊदी फॉरेन मिनिस्टर प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के अलावा जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री अयमान सफादी, इजिप्ट के फॉरेन मिनिस्टर सामेह शौक्री और फिलिस्तीन के फॉरेन मिनिस्टर रियाद अल मालिकी शामिल होंगे।

यह हाईलेवल डेलिगेशन विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात करेगा। माना जा रहा है कि बातचीत के दो से ज्यादा राउंड हो सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि भारत साउथ एशिया की बड़ी ताकत है और अरब देश चाहते हैं कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। एक वजह यह भी है कि भारत के इजराइल और फिलिस्तीन दोनों से करीबी रिश्ते हैं।

माना जा रहा है कि भारत दौरे के बाद यही डेलिगेशन कुछ और देशों का दौरा कर सकता है। दरअसल, अरब वर्ल्ड और वेस्ट एशिया में इस जंग की वजह से नई तरह के खतरे पेश आ रहे हैं।

ईरान भी इसमें बड़ा फैक्टर है। लिहाजा, अरब वर्ल्ड की कोशिश है कि इजराइल–फिलिस्तीन मसले का कोई ऐसा समाधान निकाला जाए जो दोनों पक्षों को स्वीकार हो और जिससे इस क्षेत्र में अमन कायम किया जा सके।

### नागरिकों की मौत से दुखी

7 अक्टूबर के दिन जब इजराइल पर हमास का हमला हुआ तो उसकी आलोचना करने वाले नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल थे। उन्होंने लिखा था– भारत हर तरह के आतंक की कड़ी निंदा करता है। मुसीबत की घड़ी में भारत इजराइल के साथ खड़ा है। इस पूरे बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहीं भी हमास का जिक्र नहीं किया।

इजराइल–हमास जंग के बीच पिछले हफ्ते भारत में वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ की दूसरी समिट वर्चुअली होस्ट की गई थी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था– भारत ने पहले भी 7 अक्टूबर को हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। हमने हमेशा बातचीत और कूटनीति से मामले सुलझाने पर जो दिया है। हम इजराइल–हमास की लड़ाई में नागरिकों की मौत होने की भी निंदा करते हैं।

यूएन में सोमवार 21 नवंबर को गाजा के मानवीय हालातों पर चर्चा हुई। इस दौरान हृ में भारत की राजदूत रुचिरा कम्बोज ने कहा कि भारत हमेशा से आजाद फिलिस्तीन बनाने का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा है कि भारत दुनिया में हो रही हर उस कोशिश के साथ हैं, जिससे जंग की वजह से गाजा में बने मानवीय हालात सुधर सकें।

## चीन की अर्जेंटीना के नए चुने गए प्रेसिडेंट को वॉर्निंग

### कहा– रिश्ते तोड़ना बड़ी भूल होगी; ब्रिक्स में शामिल नहीं होगा अर्जेंटीना



बीजिंग/ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के इलेक्टेड प्रेसिडेंट जेवियर मिलेई 10 दिसंबर को शपथ लेंगे, लेकिन कैम्पेन के दौरान विदेश नीति को लेकर किए गए वादों पर विवाद शुरू हो गया है।

मिलेई ने साफ कहा था कि अगर वो प्रेसिडेंट बने तो चीन और ब्राजील से रिश्ते खत्म किए जाएंगे। अब वो जीत चुके हैं तो चीन की तरफ से पहला रिएक्शन सामने आया है। चीन के मुताबिक– रिश्ते तोड़ना गंभीर गलती होगी। वर्ल्ड ट्रेड में सबको साथ लेकर चलना होता है।

मिलेई की आने वाली सरकार में विदेश मंत्री पद के दावेदार ने साफ कर दिया है कि उनका देश ब्रिक्स संगठन में शामिल नहीं होगा।

### अर्जेंटीना और चीन के ट्रेड रिलेशन

सोमवार को मीडिया से बातचीत में चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा– कोई भी देश बिना डिप्लोमैटिक रिलेशन्स के कारोबार नहीं कर सकता। अर्जेंटीना के हम दूसरे सबसे बड़े ट्रेडिंग पार्टनर हैं। अगर वो चीन और ब्राजील से रिश्ते खत्म करने की बात करते हैं तो ये सही नहीं होगा। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि ब्राजील और चीन बड़ी इकोनॉमीज हैं। लिहाजा, रिश्ते तोड़ना बड़ी गलती होगी।

दूसरी तरफ, रूस की न्यूज एजेंसी नोवोस्ती से बातचीत में जेवियर की करीबी नेता डायना मोन्डिनो ने अहम बात कही। माना जा रहा है कि 10 दिसंबर को शपथ के बाद डायना ही विदेश मंत्री बनेंगी। मिलेई खुद यह बात कह चुके हैं।

बहरहाल, डायना ने रशियन न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में साफ कहा– हम चीन की अगुआई वाले ब्रिक्स संगठन में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, हमें इसके लिए न्योता मिला है। इस ग्रुप में भारत और ब्राजील भी शामिल हैं।

### मिलेई की जीत और चुनावी वादे

दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना में प्रेसिडेंशियल इलेक्शन पिछले हफ्ते हुए थे। इसके नतीजे सामने आ चुके हैं। कट्टर राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी नेता जेवियर मिलेई नए राष्ट्रपति बनेंगे। 53 साल के मिलेई को 58 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले। वामपंथी नेता सर्जियो मासा को करीब 44 प्रतिशत मत मिले। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक– जेवियर को उनके आलोचक अकसर 'पागल आदमी' कहते हैं। कैम्पेन के दौरान जेवियर ने ब्यूरोक्रेसी और सरकारी खर्च में जबरदस्त कटौती का वादा किया था।

## अमेरिका में हुई गोलीबारी में चार घायल, संदिग्ध व्यक्ति की मौत

ओहियो। अमेरिकी राज्य ओहियो के बीवरक्रिक शहर में वॉलमार्ट स्टोर में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोग घायल हो गए जबकि एक संदिग्ध ने खुद को गोली मार कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर लिखा, एक व्यक्ति कल रात बीवरक्रीक शहर के वॉलमार्ट में गया और मंगलवार सुबह 01: 35 बजे (जीएमटी) बंदूक चलाना शुरू कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। पीड़ितों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती किया गया लेकिन इस समय उनकी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पांचवें व्यक्ति, जो कि हमलावर था, ने स्पष्ट रूप से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। जवाबी कार्रवाई करने वाले किसी भी पुलिस अधिकारी ने गोली नहीं चलाई।

### सिफर मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने मंगलवार को सिफर मामले में जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अपील पर फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रिफत इम्तियाज की खंडपीठ ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति औरंगजेब ने कहा कि अपील पर एक संक्षिप्त आदेश आज सुनाया जाएगा, विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। स्थानीय मीडिया के मुताबिक 14 नवंबर को सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान की सुनवाई निलंबित कर दी थी। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्कारनैन द्वारा आरोप तय करने के बाद खान फिलहाल अदियाला जेल में बंद है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायधीश ने यह आदेश कार्यवाहक संघीय कैबिनेट द्वारा इस मामले में खान और शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ जेल ट्रायल को मंजूरी देने के बाद दिया है। इससे पहले, पिछले वर्ष अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री खान ने जेल की सुनवाई के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसे अदालत की एकल पीठ ने 16 अक्टूबर को खारिज कर दिया था। न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक की एकल पीठ ने फैसला सुनाया था कि सिफर मामले में श्री खान की जेल में सुनवाई के पीछे कोई स्पष्ट दुर्भावना नहीं है। अदालत ने उन्हें यह भी निर्देश दिया था कि अगर उनका मामला बनता है तो वह निचली अदालत का रुख कर सकते हैं।

### उत्तर कोरिया जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण कर सकता है

प्योंगयांग। जापान ने कहा गया कि उत्तर कोरिया तीसरे जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण कर सकता है और यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। जापान ने कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके मीडिया को मंगलवार को उपग्रह के लॉन्च के लिए नौ दिन के विंडो के बारे में सूचित किया। जापान दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर उत्तर कोरिया से प्रक्षेपण की प्रक्रिया को आगे न बढ़ाने का 'यथाशीघ्र आग्रह' करेगा। उसने कहा कि अगर उत्तर कोरिया इस तरह के उपग्रह का प्रक्षेपण करता है तो यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। उत्तर कोरिया इस साल अंतरिक्ष में जासूसी उपग्रह भेजने में दो बार विफल रहा है। जापानी तट रक्षक ने कहा कि उत्तर कोरिया अधिसूचना में तीन समुद्री क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है, जहां उपग्रह ले जाने वाले रॉकेट का मलबा गिरेगा। तीन क्षेत्रों में से दो कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिम में हैं और दूसरा फिलीपींस के लूजोन द्वीप के पूर्व में है। दक्षिण कोरियाई ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के संचालन के मुख्य निदेशक कांग हो–पिल ने चेतावनी दी कि प्रक्षेपण आगे बढ़ने पर 'आवश्यक उपाय' किया जायेगा।

### नाटो सर्बिया के साथ संबंधों के विस्तार के लिए तैयार


मास्को। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देश की तटस्थ स्थिति को कम किए बिना सर्बिया के साथ अपने संबंधों का विस्तार करने के लिए तैयार है। नाटो के प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टोलटेनबर्ग ने सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने एक साथ अभ्यास किया है। इसका मतलब यह नहीं है कि यह सर्बिया की तटस्थता को कमजोर करता है। सर्बिया ने स्पष्ट किया है कि वह सैन्य गुटों के बाहर एक तटस्थ देश के रूप में रहेगा, लेकिन सर्बिया नाटो के साथ करीबी संबंध बनाए रखेगा और मिलकर काम करेगा, इससे नाटो और सर्बिया दोनों को फायदा होगा। नाटो प्रमुख ने कहा, सर्बिया नाटो का एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सक्रिय और लंबे समय से भागीदार है। हमारे सहयोग का एक ज्वलंत उदाहरण पिछले 10 वर्षों में नाटो के शांति कार्यक्रम के लिए विज्ञान हेतु किया गया संयुक्त कार्य है और हम विभिन्न क्षेत्रों में जिस तरह से एक साथ मिलकर काम करते हैं अपने आप में अलग है। शांति कार्यक्रम के लिए विज्ञान के तहत हम ऊर्जा, पर्यावरण सुरक्षा, उन्नत प्रौद्योगिकियों और साइबर रक्षा पर काम करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# कपिल देव ने बीएलके-मैक्स अस्पताल के एडवांस स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया

## एथलीट केयर की नई परिभाषा लिख रहा बीएलके-मैक्स अस्पताल, शुरू हुआ शानदार एडवांस स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन सेंटर

**नई दिल्ली।** बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने आज सेंटर फॉर एडवांस्ड स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन शुरू किया। एक छत के नीचे एडवांस खेल मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के खेल दिग्गज और पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव ने इस सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर का मकसद घायल एथलीटों और खिलाड़ियों को चोट से उबारकर तेजी से रिकवरी कराना और केयर के मानकों को बेहतर करना है। बीएलके-मैक्स अस्पताल में सेंटर फॉर ऑथ्रीस्कोपी एंड स्पोर्ट्स मेडिसिन व सेंटर फॉर एडवांस्ड स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन की देखरेख फील्ड विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम करती है, जिसका नेतृत्व डॉक्टर दीपक चौधरी करते हैं। डॉक्टर चौधरी तीन दशकों से ज्यादा अनुभव के साथ आथ्रीस्कोपी में एक प्रतिष्ठित नाम हैं।



सर्जिकल विंग में उनकी सहायता डॉक्टर शिव चौकसे और स्पोर्ट्स मेडिसिन फिजिशियन डॉक्टर मुकुल मित्तल कर रहे हैं।
डॉक्टर दीपक चौधरी, प्रिंसिपल डायरेक्टर, ऑथ्रीस्कोपी एंड स्पोर्ट्स मेडिसिन, बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कहा, मैं ऑर्थोपेडिक स्पोर्ट्स इंजरी को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित अनुभवी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हम अपने मरीजों के लिए देखभाल के हाई स्टैंडर्ड प्रदान करने के लिए अपनी विशेषज्ञता और मॉडर्न तकनीकों से मदद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के ऑथ्रीस्कोपी एंड स्पोर्ट्स मेडिसिन सेंटर के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर शिव चौकसे ने कहा, मुझे हमारी सर्जिकल टीम की विशेषज्ञता में योगदान करने का सौभाग्य मिला है। हमारी प्रतिबद्धता ऑपरेटिंग रूम से परे फैली हुई है; हमारा उद्देश्य रिसर्च, शिक्षा और हमारी प्रथाओं में निरंतर सुधार के माध्यम से खेल चिकित्सा के विकास में योगदान करना है।
टीम की सामूहिक विशेषज्ञता एडवांस मेडिकल प्रक्रियाओं को सक्षम बनाती है, जिसमें संयुक्त और जटिल एनाटॉमिकल चोटों के लिए घुटने का शारीरिक-आधारित लिगामेंट रिकंस्ट्रक्शन, डबल-रो तकनीक का उपयोग करके कंधे के घुमावदार कफ की मरम्मत, एडवांस कार्टिलेज रिजनरेटिंग प्रक्रियाएं, परिष्कृत घुटने की मरम्मत और सटीक टेंडन मरम्मत शामिल हैं। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्पोर्ट्स मेडिसिन के एसोसिएट कंसल्टेंट डॉक्टर मुकुल मित्तल ने कहा, आइसोकाइनेटिक डायनेमोमीटर और एंटी-ग्रेविटी ट्रेडमिल जैसी तकनीकों वाले इस सेंटर की व्यापक रणनीति केवल रिकवरी से परे है। यह एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने और भविष्य की चोटों को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमारे पेशंट केंद्रित फोकस के साथ, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हर मरीज सही देखभाल मिले जो उनकी आवश्यकताओं और लक्ष्यों को पूरा करे।

# केसीआर की शिकायत आयोग से करेगी कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता तथा मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को विधानसभा चुनाव में हार साफ नजर आ रही है, इसलिए बौखलाहट में उन्होंने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए आयोग की अनुमति लिए बिना कांग्रेस के खिलाफ पोस्टर जारी किया है और इसकी शिकायत आयोग से की जाएगी।
कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मलेन में कहा कि हार की बौखलाहट में मुख्यमंत्री केसीआर ने आचार संहिता के बीच इश्तहार निकाला है, जिसकी उन्होंने चुनाव आयोग से कोई अनुमति नहीं ली है। उन्होंने इस पोस्टर को झूठ का पुलिंदा तथा आचार संहिता का उल्लंघन बताया और कहा कि इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की जाएगी।
उन्होंने कहा केसीआर के इस इश्तहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीआरएस का गठबंधन साफ नजर आ रहा है। केसीआर द्वारा दिया गया विज्ञापन चुनाव आयोग के नियमों का सीधा उल्लंघन है। केसीआर जानते थे कि यह खोखले और बेबुनियाद आरोप हैं, जिसकी अनुमति नहीं मिलेगी इसलिए उन्होंने अनुमति मांगी ही नहीं। प्रवक्ता ने कहा कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री ने किस तरह से राज्य को लूटा है इसको लेकर जनता वाकिफ है और बीआरएस बौखला गई है इससे घबराकर उल्टे सीधे पोस्टर निकाले जा रहे हैं और इसमें भाजपा तथा बीआरएस की साठगांठ लगती है।
उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने पर इस तरह के किसी भी पोस्टर को निकालने के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन इस पोस्टर को लेकर कोई अनुमति नहीं ली गई जबकि अन्य कई पोस्टरों के इस्तेमाल के लिए इसी पार्टी ने अनुमति ली गयी है।

# शार्ट न्यूज

## रेजांगला के वीरो की शहादत को नमन






**नई दिल्ली।** दिल्ली के करोलबाग जिले में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश की ओर से रेजांगला शौर्य दिवस के अवसर पर 18नवम्बर को शहीदों को नमन श्रद्धांजलि कार्यक्रम आर्यसमाज शादीपुर खामपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व शताब्दी समारोह समिति के अध्यक्ष आदरणीय श्री सत्यप्रकाश यादव जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश की टीम के सभी पदाधिकारी, क्षेत्र के विभिन्न समाजों के प्रबुद्ध अधिकारी व सम्मानीय क्षेत्र वासी उपस्थित रहे। सभी ने रेजांगला के वीर अहीर शूरवीरों को याद किया वह अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए व दीपक प्रज्वलित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। क्षेत्र में रेजांगला के वीर अहीर शूरवीरों के बलिदान की रक्त रंजित पवित्र माटी की कलश यात्रा आयोजित की गई। क्षेत्र के लोगो ने कलश यात्रा में सम्मिलित होकर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

## अज्ञात अवस्था में उरमौरा ढाबा पर मिली नाबालिग बालिका को दिया गया संरक्षण: दीपिका सिंह



सोनभद्र । मंगलवार सायं 5 बजे अज्ञात अवस्था में एक चौदह वर्ष की नाबालिग बालिका लावारिश हालत में पायी गयी जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश पर वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह व परामर्शदाता उमा चतुर्वेदी द्वारा बालिका को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया। फ़ौरीतौर पर हुई सिलसिलेवार कार्रवाई में नाबालिग बालिका की काउन्सलिग की गयी उसके उपरान्त बाल कल्याण समिति के आदेश क्रम में अज्ञात बालिका को बाल गृह बालिका इन्द्रपुरी कालोनी राबर्टसगंज मे आवासित करवा दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर 0 डब्ल्यू 0 शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि बालिका घबराहट के वजह से कोई भी बात सही से नही बता पायी है। उसकी स्थिति परिस्थिति पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए बालिका की पुन: काउन्सलिग की जायेगी और नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी निष्पादित होगी। की शेषमणि दुबे ने परिज्ञान कराया साथियों की तारतम्यता का और कहा कि बालिका के परिजनों की भी तलाश की जा रही है। यह भी बताया कि यदि इस प्रकार की घटना के बारे किसी को जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल सूचना सम्बंधित थाने, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, बाल कल्याण समिति, मानव तस्करी रोधी इकाई को दें तथा यथार्थ से अवगत कराएं।

## योजनाओं से 13 कन्याओं की माताओं को किया गया लाभान्वित



सोनभद्र । जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कन्या जन्म उत्सव मनाया गया रॉबर्ट्सगंज नगर के हरदाबाबा, न्यू कालोनी में। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्र आशा बहुओं के साथ आगाज हुआ कन्या जन्म उत्सव का जिसमें 13 कन्याओं का नये बदलते भारत में बदल लो अपनी सोच, बेटियां बनती है सहारा नहीं होती है बोझ के आर्ष वाक्य का अनुसरण करते तथा ऐसे और भी सूक्त वाक्यों को जन - जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशद स्वरूप में आच्छादित रहा आयोजन व्यापक चिंतन के अंक में जहां बच्चियों की माता को योजनाओं से लाभान्वित कराया गया तथा कन्या सुमंगला योजना बाल सेवा योजना की जानकारी दी गई। एचईडब्ल्यू प्रभाग से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर नीतू यति एव जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा, शकुंतला सिंह सुपरवाइजर आंगनबाड़ी तथा कार्यकर्त्री सहायिकाओं ने मनोयोग से कार्यकर्ता प्रतिभाग किया कार्यक्रम में।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ सीडीओ ने की बैठक

कौशाम्बी। (पी एम ए) मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में बैठक की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। शासन द्वारा 04 आई.ई.सी. वैन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार रोस्टर बनाकर सूची उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत में कार्यक्रम स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चिन्हित स्थल की साफ-सफाई भी करायी जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार लाभार्थियों की सूची संकलित कर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दियें है।

## केंद्र सरकार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण संवाद यात्रा निकालेगी

वाराणसी। (पी एम ए) सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना और केंद्रीय योजनाओं की 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ग्रामीण संवाद यात्रा निकलेगी जिसके संबंध में केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय में संयुक्त सचिव विपुल गोयल द्वारा सर्किट हाउस सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी लॉगिन आईडी पासवर्ड जनरेट करते हुए डेली के क्रियाकलापों को अपलोड करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शासनादेश का अनुपालन करते हुए पॉच प्रकार के स्टॉल-पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि स्टॉल, स्वयं सहायता समूह स्टॉल, बैकिंग क्षेत्र के स्टॉल को सम्बन्धित जिलास्तरीय अधिकारियों को सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी बुनियादी सुविधायें प्रदान करने के लिए इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वारा जनपदवासियों को संतृप्त करते हुए आवश्यक सेवाओं को सुलभ बनाना है। समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने तथा पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का संतृप्तिकरण इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे तथा जनसामान्य को जागरूक करते हुए वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने संयुक्त सचिव के समक्ष बताया कि ग्रामीण संवाद यात्रा के प्रभावी क्रियान्वयन को पहले ही तीन बैठकें हो चुकी हैं तथा कमेटी का भी गठन करते हुए तहसील व ब्लाक स्तर पर टास्क फोर्स का गठन कर लिया गया है। प्रत्येक दिन जनपद को प्राप्त 6एलईडी वैन दो ग्राम पंचायत व दो शहरी वार्ड में परिक्रमा करेगी। प्राप्त 6 एलईडी वैन में 5 ग्रामीण क्षेत्रों तथा 1 शहरी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेगी। जिलाधिकारी ने आवास आवंटन में बचे लाभार्थियों को आवास सुनिश्चित करने हेतु वेबसाइट पर पंजीकरण सुविधा उपलब्ध न होने तथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड में आने वाली टेक्निकल समस्या को भी बताया।

## देश में 75 साल से चल रही भ्रष्टाचार की राजनीति : केजरीवाल

नयी दिल्ली/सीकर। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश में पिछले 75 साल से भ्रष्टाचार और गाली-गलौज की राजनीति ही चल रही है और इससे देश को कुछ नहीं मिला इसलिए इस बार ईमानदार आम आदमी पार्टी को मौक़ा दें। केजरीवाल ने राजस्थान के सीकर के नीमका थाना मेन मार्केट में आयोजित रोड शो में मंगलवार को कहा कि दिल्ली और पंजाब की तरह राजस्थान में भी सरकारी स्कूल-अस्पताल शानदार बन सकते हैं और इसकी चाभी लोगों के हाथ में है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को एक मौका देकर देखिए आपके बच्चों के लिए अच्छी पढ़ाई-लिखाई और रोजगार का इंतजाम कर दूंगा। देश में पिछले 75 साल से भ्रष्टाचार और गाली-गलौज की राजनीति ही चल रही है और इससे देश को कुछ नहीं मिला।

# यश मिश्रा और डिम्पल सिंह ने लखनऊ में निर्देशक हैं महमूद आलम से कहा - देखो मगर प्यार से

अपनी तरह तरह की अनोखी प्रस्तुति से दर्शकों के दिलों में एक अलग मुक़ाम बना चुके भोजपुरी फिल्मों के डायनेमिक स्टार यश मिश्रा लखनऊ में आजकल लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं । उनकी इस अनोखे स्टाइल से लोगों का भी भरपूर मनोरंजन हो रहा है और वे जमकर इसका लुत्फ़ उठा रहे हैं । ऐसे ही एक दिलचस्प वाक़ये में नवाबों की नगरी में शाम के समय टहलते हुए यश मिश्रा ने सरेआम लखनऊ की सड़कों पर कुछ लोगों से कहा कि देखो मगर प्यार से । ऐसा सुनते ही वहाँ हास्य उतपन्न हो गया और लोग बाग घूमकर यश मिश्रा को निहारने लगे । यश मिश्रा अभी हाल फिलहाल ही अपने होम प्रोडक्शन्स की कई फिल्मों की शूटिंग करके फ्री हुए थे कि उनके पास एक के बाद एक प्रोजेक्ट्स शूटिंग के लिए लाइन लगी हुई है । यश मिश्रा भोजपुरी फिल्मों में इकलौते ऐसे स्टार हैं जो प्रोजेक्ट्स में लगातार व्यस्त चलते रहते हैं ।




रत्नाकर कुमार द्वारा प्रस्तुत और आलम ब्रदर्स द्वारा बन रही भोजपुरी फ़िल्म देखो मगर प्यार से की शूटिंग इन दिनों उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में जोर शोर से जारी है । यश मिश्रा अभिनीत इस फ़िल्म में उनके को स्टार हैं श्रुति राव,डिम्पल सिंह, अनूप अरोरा,प्रकाश जैश, नीलम पांडेय,विजय गोस्वामी, कादिर शेख, राज द्विवेदी,फारुख अंसारी,दिनेश लहरी, कलामुद्दीन, प्रभा यादव,भारत सिंह । फ़िल्म देखो मगर प्यार से के निर्माता निर्देशक महमूद आलम हैं महमूद आलम, यह फ़िल्म एक त्रिकोणीय प्रेम सम्बन्धो पर आधारित फिल्म है। जिसके केंद्रबिंदु में हैं यश मिश्रा, पूरी कहानी इनके इर्दगिर्द ही घूमती रहती है। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इस तरह की कहानी में यश किस प्रकार से अपनेआप को संतुलित कर पाते हैं। इस फ़िल्म के सहायक निर्देशक - अमर गुप्ता, मोहन राजपूत और अक्षय, लेखक हैं एस के चौहान व संदीप कुशवाहा, फ़िल्म के गीत प्यारेलाल यादव,बाबर बेदर्दी व जाहिद अख्तर ने लिखे हैं जिन्हें संगीत से सजाया है प्रमोद गुप्ता ने ।

# दयानंद वत्स ग्रामोन्मुखी पत्रकारिता का चमकता हुआ ध्रुवतारा है : प्रो ( डॉ. ) रामजीलाल जांगिड़

**नई दिल्ली।** दयानन्द वत्स ने 2-13 मार्च 1981 तक भारतीय जनसंचार संस्थान के साउथ एक्सटेंशन भाग - 2 नई दिल्ली स्थित कार्यालय में आयोजित ग्रामोन्मुख पत्रकारिता पाठ्यक्रम में भाग लिया। इस पाठ्यक्रम में पांच राज्यों (उत्तर प्रदेश) (बिहार) (मध्यप्रदेश) (राजस्थान) और (हरियाणा) तथा संघ क्षेत्र दिल्ली के 21 युवा पत्रकारों ने भाग लिया। इन इक्कीस पत्रकारों में दयानन्द वत्स ने ही दिल्ली के पत्रकार जगत में अपनी अलग जगह बनाई। उसने कई संस्थाएं बनाई - 1. अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार व लेखक संघ
2. नेशनल मीडिया नेटवर्क समाचार पत्र समूह आदि। वह निर्भीक पत्रकार है। उसने अपने गांव बरवाला के विकास के लिए कई प्रयत्न किए और अपने आस-पास के गांवों की समस्याएं लगातार अखबारों में उठाकर सजग पत्रकार होने का प्रमाण दिया है। वह 39 सालों से ज्यादा समय में हर साल लगातार शिक्षक दिवस पर डॉ.



राधाकृष्णन पुरस्कार/सम्मान देता आ रहा है। वह साहसी है इसलिए वह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठनले) का उम्मीदवार बनकर दिल्ली देहात से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुका है।
दिल्ली से छपने वाले सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं से उसने अच्छे सम्बन्ध बना लिए हैं। इसलिए वह अपनी विविध खबरें लगातार छपवा लेता है। सच्ची पत्रकारिता नेताओं के भाषण छापना नहीं बल्कि आम आदमी के सरोकारों को सरकार तक पहुंचाना है। दयानंद वत्स इस दायित्व को पिछले 45सालों से निभा रहा है।
देश भर के समाचार पत्र-पत्रिकाएं दयानंद वत्स के लेख प्रकाशित करती हैं। दयानंद वत्स सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका 38सालों का अनुभव है। उसने अपने हजारों शिष्यों को एक अच्छा इंसान बनाया है।
दिल्ली के ही बरवाला गांव के दयानंद वत्स ने प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही दिल्ली नगर निगम और ग्यारहवीं की पढ़ाई सर्वोदय बाल विद्यालय प्रहलादपुर बांगर से पूरी की। हिंदी भाषा के प्रति उनका अनन्य स्नेह है। उसने 1976में दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बीए आनर्स हिंदी में किया और 1979 में दिल्ली विश्वविद्यालय से ही एम. ए भी हिंदी में ही किया। 1985 में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से हिंदी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी किया।
मैं उसका पत्रकारिता गुरु होने के नाते दयानंद वत्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## अंतरजातीय विवाह करने वाले लोगों को 610 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2021-22 में 24 हजार 62 अंतरजातीय विवाह करने वाले दंपतियों को प्रोत्साहन तथा 610.11 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है। अनुसूचित जाति(एससी) और अनुसूचित जनजाति(एसटी) के खिलाफ अस्पृश्यता जैसे अपराधों और अत्याचारों को रोकने के तरीकों और साधनों को प्रभावी ढंग से समन्वित करने के लिए गठित समिति की सत्ताईसवीं बैठक मैं यह जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया किवित्त वर्ष 2021-22 में 24 हजार 62 अंतरजातीय विवाह करने वाले दंपतियों को प्रोत्साहन दिया गया है और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को 610.11 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है। समिति की 27वीं बैठक मंगलवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में यहां हुई।

## सशस्त्र सेना झण्डा के पुनीत दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनायें और यथाशक्ति योगदान करे

वाराणसी। (पी एम ए) 1949 से, हर वर्ष 07 दिसम्बर पूरे देश में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में शहीदों और वर्दीधारियों, जिन्होंने देश के सम्मान की रक्षा के लिए हमारी सीमाओं पर बहादुरी से लड़ाई लड़ी, का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। विजय हासिल करने के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों ने बहुमूल्य जीवन खोया है और खो रहे हैं और साथ ही कुछ विकलांग होने के उपरान्त सेना से बोर्ड आउट किये जा रहे हैं। परिवार के मुखिया के निधन पर परिवार को जो सदमा लगता है, उसकी थाह पाना मुश्किल है। हमारे सैनिक जो विकलांग हैं उन्हें देखभाल और पुनर्वास की आवश्यकता है, ताकि वे अपने परिवार पर बोझ न बनें, अपितु सम्मान का जीवन व्यतीत कर सकें। इसके अलावा, ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग और जोड़ों के दर्द आदि से पीड़ित हैं और जो इलाज का उच्च खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें भी हमारी देखभाल और समर्थन की जरूरत है। झंडा दिवस हमारे विकलांग साथियों, विधवाओं और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों के आश्रितों की देखभाल करने के हमारे दायित्व को दर्शाता है । इस दिन थल सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दी गई सेवाओं को याद किया जाता है। हमारे देश के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक कर्तव्य है कि वह हमारे वीर शहीदों और विकलांग सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण को सुनिश्चित करें। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के पावन पर्व पर हम देश के परमवीर बलिदानी, त्यागी एवं शौर्य का परिचय देते हुए शहीद सैनिकों, जिन्होंने राष्ट्र को अपने त्याग और बलिदान से गौरवान्वित किया हैं, उन वीर जवानों के प्रति हम कृतज्ञता व्यक्त करते है और अपने जवानों तथा उनके आश्रितों की देख-भाल और समर्थन के हेतु इस सुअवसर पर नागरिकों से यथा शक्ति दान स्वरूप धन संग्रह का पुण्य कार्य करते हैं। ग्रुप कैप्टन अशोक पाण्डे, वायु सेना मेडल जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों तथा उद्योगपतियों व नागरिकों से इस पुनीत दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनायें और यथाशक्ति योगदान करने की अपील की है।

# अमृत सतम्भ के रूप में प्रकीर्णित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : अनुप्रिया पटेल

## संकल्प यात्रा का लोढ़ी व ब्रह्मौरी गांव में हुई आयोजित



सोनभद्र । जनजाति समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा की जनजातीय गौरव दिवस पर की गयी है शुरूआत और इससे जनजाति सामुदाय का हो रहा है विकास। ये भावोद्गार अभिव्यक्त किये केंद्रीयमंत्री ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम में। राबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत लोढ़ी व विकास खण्ड कोन के ब्रह्मौरी गांव में किया गया। ग्राम पंचायत लोढ़ी के पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आगाज किया केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ। उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ झारखण्ड के खूंटी से किया गया है और प्रधानमंत्री की यह अनूठी पहल है उत्तरोत्तर शिखर की ओर गतिमान है। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शहर व नगर क्षेत्रों में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा से जोड़ने और लाभान्वित करने की श्रृंखला प्रगति के नव आयाम रच रही है और गढ़ रही है सबसे निचले पायदान तक की आम अवाम में विकास पथ और प्रशस्त कर रही सुखद भविष्य को। प्रधानमंत्री के समाज के ऐसे वंचित व्यक्तियों जो सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अब तक लाभान्वित नहीं हुए है, उन्हें इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य करने को कृत संकल्पित बताया केंद्रीय मंत्री ने और आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को पक्की छत की सुविधा, किसान सम्मान निधि के माध्यम से पात्र किसानों के खातों में धनराशि का स्थानान्तरण, उज्जवला योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क गैस सिलेण्डर देने का कार्य किया गया।

उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं भी अपने रोजगार के माध्यम से धन अर्जन कर अपने जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं और अपने को सशक्त भी कर रहीं हैं। आज इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा अपने अनुभव ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के माध्यम से अपने को कैसे सशक्त किये, की जानकारी भी साझा की गयी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य आलोकित करते कहा केंद्रीय मंत्री ने कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ा जाय और उससे लाभान्वित किया जाय। विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा समाज के अति पिछड़े वंचित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त होने कीकड़ियाँ जुड़ती जा रही हैं और इस योजना से जुड़कर लाभान्वित हों।

# मऊ रेलवे जंक्शन से मुंबई के लिए 22 नवम्बर को शुरू होगी नई ट्रेन

## भारत के रेलमंत्री अपरान्ह 03:15 बजे वर्चुअली करेंगे ट्रेन का उद्घाटन

लखनऊ। (पी एम ए) प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी के प्रयासों से एवं अनुरोध पर पूर्वांचल में खासतौर से मऊ रेलवे जंक्शन से सीधे मुम्बई के लिए नई ट्रेन चलाने की मंजूरी मिल गयी है। कल दिनांक 22 नवम्बर, 2023 को बुधवार के दिन मऊ रेलवे जंक्शन से मुंबई के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन का उदघाटन रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा नई दिल्ली से वर्चुअली प्रतिभाग कर किया जायेगा और ट्रेन को अपरान्ह 03:15 बजे हरी झण्डी दिखाकर संचालित करेंगे। यह ट्रेन मऊ जंक्शन से शुरू होकर मोहम्मदाबाद गोहना, आजमगढ़, शाहगंज, जौनपुर, प्रयागराज से होकर मुंबई जाएगी। इससे मुम्बई जाने वाले इस क्षेत्र के लोगों को ट्रेन की बेहतरीन सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा उद्घाटन कार्यक्रम में मऊवासियों का प्रतिनिधित्व करेंगे।
ए0के0 शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद को भारत सरकार ने एक बड़ा तोहफा दिया है। मऊवासियों की मुम्बई यात्रा को सुगम बनाने के लिए मैंने स्वयं भारत के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव जी को मऊ जनपद से मुंबई के लिए एक नई रेलगाड़ी चलाने का पत्र लिखकर अनुरोध किया था। मेरे अनुरोध पर इस नई साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी को चलाने की मंजूरी दी गई है। रेलमंत्री श्री वैष्णव जी ने इसकी जानकारी स्वयं मुझे फोन पर दी।